# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 25 दिसंबर 2023








चीन को देगा आमने-सामने से टक्कर

# नौसेना को कल मिलेगा नया विध्वंसक युद्धपोत इंफाल

## एंटी शिप मिसाइल, टॉरपीडो समेत अन्य अत्याधुनिक हथियार और सेंसर से लैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

समुद्र में चीन की बढ़ती दखलंदाजी को रोकने के लिए भारतीय नौसेना अपनी ताकत को बढ़ा रही है। आर्मी और वायु सेना की ही तरह नौसेना को भी लेटेस्ट तकनीक के हथियारों और विध्वंसक युद्धपोतों से लैस किया जा रहा है। कल मंगलवार 26 दिसंबर को नौसेना की ताकत और बढ़ जाएगी क्योंकि इस दिन नए स्टील्थ गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर इंफाल को कमीशन किया जाएगा। केंद्रीय रक्षा राजनाथ सिंह भी 15 बी स्वदेशी विध्वंसक इंफाल के कमीशन के वक्त मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड पर मौजूद रहेंगे।

**स्वदेश निर्मित युद्धपोत की ये है खासियत**

यह स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक पूरी तरह से स्वदेश निर्मित है। इसकी खासियत यह है कि यह दुश्मनों के रडार को भी मात देते हुए आगे बढ़ जाएगा। मतलब दुश्मन के रडार को इसकी भनक तक नहीं लगेगी और यह अपने ऑपरेशन को अंजाम दे देगा। इसके साथ-साथ यह सतह से सतह और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों से भी लैस रहेगी। इसके साथ-साथ इस पर एंटी सर्फेस वारफेयर के लिए ब्रह्मोस एंटी शिप मिसाइल सिस्टम भी लगा हुआ है।

**डब्ल्यूडीबी ने किया है डिजाइन**

भारत के इस खतरनाक विध्वंसक युद्धपोत को इन हाउस संगठन युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो डब्ल्यूडीबी की ओर से विकसित किया गया है। इसका निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड की ओर से किया गया है। इसकी कुल क्षमता 7,400 टन है। इसकी कुल लंबाई 164 मीटर है। यह खतरनाक मिसाइलों के साथ-साथ यह एंटी शिप मिसाइल, टॉरपीडो समेत अन्य अत्याधुनिक हथियार और सेंसर से लैस है।

**उत्तर-पूर्वी शहर इंफाल के नाम पर पड़ा नाम :** इम्फाल पहला ऐसा युद्धपोत है जिसका नाम देश के उत्तर-पूर्वी शहर इंफाल के नाम पर रखा गया है। नौसेना में कमिशन होने से पहले इसका परीक्षण भी किया गया था। इसके बाद इसे इस साल 20 अक्टूबर को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया था। नौसेना ने भी अपने स्तर पर इसका परीक्षण किया।

**गैस टर्बाइन से लैस स्पीड भी बेहतरीन**

पिछले महीने इस पर सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण भी किया गया था। विध्वंसक युद्धपोत इंफाल को चलाने के लिए उसमें चार गैस टर्बाइन लगी हुई है। इसकी रफ्तार 30 समुद्री मीस से अधिक है। भारतीय नौसेना में इंफाल विध्वंसक के शामिल होने के बाद चीन की टेंशन बढ़ जाएगी। हाल फिलहाल में हिंद महासागर में जिस तरह से चीन की दादागिरी देखने को मिली है, अब उसकी सारी हेकड़ी निकल जाएगी। चीन अपने कई जासूसी जहाजों के जरिए हिंद महासागर में जासूसी का काम करता रहा है।

---

## खबर संक्षेप


### मुफ्त राशन बांटकर भाजपा उड़ा रही मजाक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर मुफ्त राशन बांटकर गरीबों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि भाजपा सरकार का काम जनता को धोखा देना है। यादव ने यहां पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में कन्नौज के प्रबुद्ध समाज तथा महा ब्राह्मण समाज पंचायत के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा ने गरीबों के सम्मान को चोट पहुंचाई है। मुफ्त राशन बांटकर भाजपा ने गरीबों की गरीबी का मजाक उड़ाया है।'



### 'इंडिया' गठबंधन के फैसले का पालन करूंगा

**जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी पार्टी अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए जम्मू कश्मीर में सीट बंटवारे पर 'इंडिया' गठबंधन के फैसले का पालन करेगी। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने सवाल किया कि सरकार स्थानीय निकाय चुनाव क्यों नहीं करा रही है जब वह दावा कर रही है कि केंद्रशासित प्रदेश में शांति बहाल हो गई है। उन्होंने यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह से इतर एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं और इसके फैसले का पालन करेंगे।



### मुंबई में गोलीबारी में एक की मौत, तीन घायल

**मुंबई।** मुंबई के पूर्वी उपनगर कुर्ला के एक इलाके में रविवार को एक व्यक्ति द्वारा की गई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना चूनाभट्टी के आजाद गली इलाके में अपराह्न करीब सवा तीन बजे हुई। चूनाभट्टी थाने के अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति ने इलाके के निवासियों पर गोलीबारी की जिसमें सुमित येरुनकर नाम के व्यक्ति की मौत हो गई। आरोपी ने कथित तौर पर करीब 16 गोलियां चलाई।



---

सतर्कता विभाग ने स्वास्थ्य सचिव को लिखा पत्र, कहा किसी मरीज को न दी जाएं

**दिल्ली दवा घोटाला**

# सतर्कता विभाग अलर्ट, घटिया दवाइयों को वापस लेने का फरमान

*दिल्ली सतर्कता विभाग ने दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव को युद्धस्तर पर घटिया दवाओं को तुरंत वापस लेने के लिए पत्र लिखा है। सतर्कता विभाग ने यह भी सलाह दी गई है कि अब से इनमें से कोई भी दवा मरीजों को नहीं दी जानी चाहिए। इन आपूर्तिकर्ता कंपनियों को आगे कोई भुगतान नहीं किया जाना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय राजधानी के सरकारी अस्पतालों में खराब गुणवत्ता की दवा सप्लाई का मामला सामने आया था जिसकी सीबीआई जांच के निर्देश दिए गए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ज्ञात हो कि इस मामले में दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर चिंता जताई थी। अब इस मामले में सतर्कता विभाग ने दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने सरकार अस्पतालों में सप्लाई की गई घटिया दवाओं को वापस लेने के लिए पत्र लिखा है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने खराब गुणवत्ता की दवाओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराने की सिफारिश की थी।

**दवा खरीद से संबंधित दस्तावेज लें कब्जे में :** दिल्ली सतर्कता विभाग ने दिल्ली के स्वास्थ्य सचिव को पत्र में लिखा है कि उन्हें इन दवाओं की खरीद से संबंधित सभी दस्तावेजों को अपने कब्जे में लेने और 26 दिसंबर तक उनकी मूल प्रतियां उपलब्ध कराने की भी सलाह दी गई है।



**घटिया दवाइयां दी जा रहीं मरीजों को : एलजी :** बता दें कि दिल्ली के उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा कि ये दवाएं दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में लाखों मरीजों को दी जा रही हैं और संभवतः मोहल्ला क्लीनिकों में भी इनकी आपूर्ति की जा रही है। वीके सक्सेना ने इन दवाओं की खरीद के लिए भारी-भरखम बजट खर्च किए जाने पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें अन्य राज्यों के आपूर्तिकर्ता और निर्माता शामिल हो सकते हैं।

### सरकारी व निजी लैब में फेल हो गईं दवाइयां

उन्होंने चीफ सेक्रेटरी को लिखे अपने पत्र में घटिया दवाओं के मामले पर सतर्कता निदेशालय की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा है कि सरकारी प्रयोगशालाओंको भेजे गए 43 नमूनों में से 3 गुणवत्ता परीक्षण में विफल रहे, जबकि 12 की रिपोर्ट अभी आनी बाकी है। निजी प्रयोगशालाओं को भेजे गए अन्य 43 नमूनों में से पांच नमूने गुणवत्ता मानकों का पालन करने में विफल रहे और 38 नमूने मानक गुणवत्ता के पाए गए थे।

### लोगों की जान से खिलवाड़ करने जैसा : भाजपा

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि शराब घोटाला, शीश महल घोटाला, जल बोर्ड घोटाला, डीटीसी घोटाला, क्लास रूम घोटाला, जासूसी कांड, अस्पताल घोटाला आदि-आदि इतने घोटाले हो चुके हैं कि यह आम आदमी पार्टी की सरकार घोटाला सरकार बनकर रह गई है। इस मामले की जांच शीघ्र पूरी होनी चाहिए। यह केवल भ्रष्टाचार का मामला नहीं है, बल्कि यह किसी की जान से खिलवाड़ करने जैसा है।

### केजरीवाल का सब कुछ नकली

*बीजेपी की तरफ से मनोज तिवारी और वीरेंद्र सचदेवा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। वीरेंद्र सचदेना ने कहा, ये पार्टी सिर्फ पैसे की भूखी है। आप के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के पर्याप्त सबूत हैं। उन्होंने कहा, ये पार्टी पैसों की भूखी है। उन्होंने कहा, इन लोगों ने लोगों जिंदगी के साथ खेलने की कोशिश की है, जनता इन्हें कभी माफ नहीं करेगी। मनोज तिवारी ने कहा, सीएम केजरीवाल का सब कुछ नकली है। नकली व्यक्तित्व नकली दवाएं। असली है तो बस भ्रष्टाचार और दिल्ली प्रदूषण।*



---

*क्या इंडिया गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं ?*

# बंगाल में ममता सरकार के खिलाफ भाजपा संग आई सीपीआईएम

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बीते 20 दिसंबर को इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक दिल्ली में हुई थी। इस बैठक में टीएमसी और सीपीआईएम के नेता एक मंच पर साथ दिखे थे। माना जा रहा है बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राज्य में सीपीआईएम को सीटें देने पर सहमत हो गई हैं, लेकिन बैठक के ठीक 4 दिन बाद सीपीआईएम बंगाल में ममता सरकार विरोधी प्रदर्शन में बीजेपी के साथ खड़ी नजर आई। बड़ा सवाल उठ रहा है कि इंडिया गठबंधन में तो सीपीएम और टीएमसी दोनों शामिल हैं लेकिन बंगाल में अगर दोनों एक दूसरे के खिलाफ विरोध करेंगे, तो जनता के बीच क्या संदेश जाएगा? साथ ही ममता बनर्जी का इस पर क्या रिएक्शन आता है, यह भी काफी महत्वपूर्ण होगा। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली सरकार ने गुरुवार को राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए डीए में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की थी। इसमें स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी, सभी सरकारी विभागों के कर्मचारी और पेंशनभोगी शामिल थे।

### डीए बढ़ोतरी आपका अधिकार है : घोष

बाद में बीजेपी सांसद दिलीप घोष भी मौके पर पहुंचे और विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। कोलकाता के धर्मतला में डीए बढ़ोतरी के लिए राज्य सरकार के कर्मचारियों द्वारा साल भर चले विरोध प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, "आपका स्थान बदल गया होगा लेकिन आपकी इच्छा शक्ति नहीं बदली है। यह आपका अधिकार (डीए बढ़ोतरी) है और आपको इसे छीन लेना चाहिए।



### एक मंच पर भाजपा और सीपीआईएम के नेता

*बीजेपी और सीपीआईएम के नेता शनिवार को हावड़ा में एक मंच पर दिखे। राज्य में 'समग्रमी जौथा मंच' से जुड़े राज्य सरकार के कर्मचारी प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन इनके प्रदर्शन में भाजपा और सीपीआईएम के नेता शामिल हुए और ममता सरकार पर निशाना साधा। ये कर्मचारी महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी की मांग कर रहे हैं।*

---

## कोलकाता में बना गीता पाठ का विश्व रिकॉर्ड...



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में गीता पाठ का विश्व रिकॉर्ड बना है। कोलकाता के ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में जुटे करीब एक लाख से अधिक लोगों ने गीता पाठ कर रिकॉर्ड बनाया। गीता पाठ के पहले विद्रोही कवि काजी नजरुल इस्लाम के गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद द्वारका पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती जी ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद स्वरूप संबोधन किया।गीता पाठ को शुरू करने के पहले सामूहिक शंखनाद किया गया। इस आयोजन में गीता के पांच अध्यायों का पाठ किया गया। पीएम मोदी ने इस ऐतिहासिक रिकॉर्ड पर खुशी जताते हुए आयोजन की प्रशंसा की है।

---

# डीएमके नेता मारन के बयान पर भड़के तेजस्वी

एजेंसी ▶▶| पटना

डीएमके नेता दयानिधि मारन का बिहार और यूपी के लोगों पर किए गए कमेंट पर बिहार के उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भड़क गए हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि यह निंदनीय है। दूसरे राज्यों के नेताओं को, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों, ऐसी टिप्पणी करने से बचना चाहिए। यह देश एक है। हम दूसरे राज्यों के लोगों का सम्मान करते हैं और यही उम्मीद करते हैं कि ऐसी टिप्पणी नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, इस बयान पर तेजस्वी यादव ने गैर हिंदी राज्यों को नसीहत दी है। उधर, डीएमके ने दावा किया है कि पुराने वीडियो को बीजेपी ने ध्यान भटकाने के लिए फिर से वायरल किया है।



---

समझौते के तहत उठाया कदम

# केरल के दो मंत्रियों ने दिया पिनाराई सरकार से इस्तीफा

एजेंसी ▶▶| शिबिमोल

केरल की पिनाराई विजयन सरकार के आधा कार्यकाल पूरा होने के साथ ही दो मंत्रियों एंटनी राजू और अहमद देवरकोविल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। परिवहन मंत्री एंटनी राजू और नौवहन मंत्री अहमद देवरकोविल ने सीएम पिनाराई विजयन के आवास पर जाकर उन्हें अपना इस्तीफा सौंपा। सूत्रों के अनुसार, इस्तीफा कैबिनेट फेरबदल का हिस्सा है और इसे पिनाराई विजयन कैबिनेट के कार्यभार संभालने से पहले तय किया गया था। दोनों मंत्रियों की जगह अब केबी गणेश कुमार और रामचंद्रन कडन्नप्पल्ली कैबिनेट मंत्री का पद संभालेंगे। आपको बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव के बाद यह तय हुआ था कि विजयन सरकार के ढाई साल के कार्यकाल के बाद सरकार में शामिल एलडीएफ के दो मंत्री अपनी इस्तीफा देंगे।



### 2021 में हुआ था नई सरकार का गठन

आपको बता दें कि केरल में एलडीएफ सरकार का गठन मई 2021 में हुआ था और तब पिनाराई विजयन ने लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। तब उनके साथ केरल के नये मंत्रिमंडल में जेडीएस नेता के. कृष्णनकुट्टी और एनसीपी नेता ए के शशींद्रन, सीएम विजयन के दामाद पी ए मोहम्मद रियास, माकपा के ए विजयराघवन की पत्नी आर बिंदु, जी आर अनिल, चिंचू रानी और पी प्रसाद व अहमद देवरकोविल शामिल हुए थे।


असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769


---

*असम के तिनसुकिया की घटना*

# उल्फा में शामिल होने जा रहे थे तीन युवक, पुलिस ने मारी गोली

एजेंसी ▶▶| तिनसुकिया

असम के तिनसुकिया में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन उल्फा (आई) में शामिल होने जा रहे तीन युवकों ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश की जिसके बाद पुलिस ने उन्हें गोली मार दी। हालांकि सभी आरोपी इस गोलीबारी में सिर्फ घायल ही हुए हैं। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार देर रात की है जब तीनों को सदिया लाया जा रहा था, इसी दौरान तिनसुकिया के प्रशासनिक क्षेत्र में तीनों ने भागने की कोशिश की। सादिया के एसपी ने कहा कि तीनों युवकों का फिलहाल डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में इलाज चल रहा है। ढोला में कथित तौर पर युवाओं द्वारा की गई बैठक के बारे में किसी भी जानकारी के बारे में पूछे जाने पर, डेका ने कहा कि तीनों के ठीक होने के बाद पूछताछ करने पर अधिक जानकारी मिल सकती है।

### परिजनों ने दी उल्फा में शामिल होने की सूचना

सादिया के एसपी मृणाल डेका ने बताया कि युवक जिले के चापाखुवा इलाके के थे और उनके परिवारों ने सादिया पुलिस थाने को सूचित किया था कि वे प्रतिबंधित संगठन में शामिल होने के लिए भाग गए थे। हमने तुरंत एक तलाशी अभियान शुरू किया और अरुणाचल प्रदेश के खरसांग से तीन युवकों को पकड़ने में कामयाब रहे। जैसे ही तीनों पुलिस वाहन से उतरे, उन्होंने अंधेरे की आड़ में भागने की कोशिश की जिस पर गोली चलाई गई जो उनके पैरों में लगी है।


हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 25 दिसंबर 2023


8 विकेट से जीता मैच

## महिला टीम ने टेस्ट जीतकर रचा इतिहास



स्कोर बोर्ड
ऑस्ट्रेलिया 219/10, 261/10
भारत 406/10, 75/2

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इकलौते टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को आठ विकेट से हराया। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैचों में पहली जीत मिली है। 1977 से अब तक दोनों टीमों के बीच 11 टेस्ट हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने चार जीते हैं। छह टेस्ट ड्रॉ पर छूटे हैं और अब भारत को एक जीत मिली। भारत ने पहली पारी में

शेष पेज 2 पर

### राणा प्लेयर ऑफ द मैच

भारत की अनुभवी खिलाड़ी स्नेह राणा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्नेह ने पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। उन्होंने बल्लेबाजी में पहली पारी में नौ रन बनाए।

# 13 लाख किसानों को आज मिलेगा दो साल का बकाया धान बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अलग खबर

प्रदेश की भाजपा सरकार अपने वादे के मुताबिक प्रदेश के 13 लाख किसानों को सोमवार 25 दिसंबर को दो साल का बोनस देगी। सुशासन दिवस के अवसर पर धान बोनस वितरण का मुख्य समारोह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 1 बजे से रायपुर जिले के अभनपुर विकासखंड के ग्राम बेंद्री में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की किसानों को धान बोनस दिए जाने वाली गारंटी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रुपए का वितरण सोमवार को किया जाएगा। कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा करेंगे। कार्यक्रम में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी, पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत, विधायक अभनपुर इंद्र कुमार

शेष पेज 2 पर

## अभनपुर के ग्राम बेंद्री में कार्यक्रम, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे शिरकत

### खास बातें

- बोनस राशि 3716 करोड़ रुपए का वितरण सोमवार को किया जाएगा
- कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री साव एवं शर्मा करेंगे




### अब 31 सौ में धान खरीदी

छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को लागू करके किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से 21 क्विंटल धान की खरीदी शुरू हो गई है। किसानों को धान बेचने में किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए सभी खरीदी केंद्रों में बेहतर और पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हम पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मना रहे हैं। 25 दिसंबर को राज्य के किसान भाइयों को 2 साल के धान की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ 38 लाख 96 हजार रुपए का भुगतान करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसे किसान, जो पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुसार सोसायटियों में अपना धान बेच चुके हैं, उन्हें नवीन निर्धारित मात्रा के अंतर का धान विक्रय करने की सुविधा भी दी गई है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### आईईडी विस्फोट, दो जवान घायल




**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कंधमाल जिले के जंगल में आईईडी में धमाका होने से, उसकी चपेट में आकर ओडिशा पुलिस के विशेष अभियान समूह के दो जवान घायल हो गए। आईईडी माओवादियों द्वारा लगाया गया था और एसओजी जवानों के गलती से छूने के बाद इसमें विस्फोट हो गया।

### सहपाठियों की पिटाई से छात्र की मौत



**नई दिल्ली।** भजनपुरा इलाके में स्कूल में पढ़ने वाले कुछ छात्रों ने 17 वर्षीय छात्र की कथित तौर पर पिटाई की, जिसकी कुछ दिनों बाद अस्पताल में मौत हो गई। 12 दिसंबर को पीड़ित और छात्रों के एक समूह के बीच छोटी सी बात पर कहासुनी हुई थी बाद में मामला सुलझ गया था।

### प्रसिद्ध संगीतकार राशिद की हालत गंभीर



**कोलकाता।** कोलकाता के एक अस्पताल में प्रोस्टेट कैंसर का इलाज करा रहे प्रसिद्ध संगीतकार उस्ताद राशिद खान की स्वास्थ्य स्थिति रविवार को भी गंभीर बनी हुई है। 55 वर्षीय खान अब भी वेंटिलेटर पर हैं। खान का जिस अस्पताल में इलाज किया जा रहा है, उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### कबाड़खाने में विस्फोट से तीन घायल



**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में कडिरूर के समीप एक कबाड़खाने में रविवार को कबाड़ छांटने के दौरान धमाका होने से दो बच्चों समेत तीन लोग घायल हो गए। बम निष्क्रिय दस्ते की प्राथमिक जांच के आधार पर पुलिस ने बताया कि संदेह है कि धमाका एक देसी बम के कारण हुआ।

### 'कर्मयोगी' से कर्मियों को मिलेगी ट्रेनिंग

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सोमवार को सुशासन दिवस पर सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगी। बयान में कहा गया है कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाएगा। बयान के अनुसार केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह आईजीओटी 'कर्मयोगी' मंच पर तीन नयी सुविधाएं माय आईजीओटी, मिश्रित कार्यक्रम और क्यूरेटेड कार्यक्रम शुरू करेंगे।

## पहलवानों के गुस्से के बाद खेल मंत्रालय का बड़ा एक्शन

# फिर जीते पहलवान, कुश्ती महासंघ सस्पेंड, तदर्थ कमेटी कराएगी 'दंगल'

*भारतीय खेल मंत्रालय ने रविवार को बड़ा फैसला लिया। उसने नवनियुक्त भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर दिया है। नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित करने के तुरंत बाद खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ से डब्ल्यूएफआई का कामकाज देखने के लिए तदर्थ समिति गठित करने का अनुरोध किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया क्योंकि नवनिर्वाचित संस्था ने उचित प्रकिया का पालन नहीं किया और पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की 'जल्दबाजी में घोषणा' की थी। मंत्रालय ने आईओए को जल्द से जल्द पैनल गठित करने के लिए लिखा।

आईओए अध्यक्ष पीटी ऊषा को लिखे पत्र में भारत सरकार के अवर सचिव तरूण पारीक के हस्ताक्षर हैं। इसमें लिखा है, डब्ल्यूएफआई के पूर्व पदाधिकारियों के प्रभाव और नियंत्रण से उत्पन्न मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए डब्ल्यूएफआई के संचालन और अखंडता के बारे में गंभीर चिंतायें पैदा हो गयी हैं। इसमें लिखा गया, खेल संगठनों में सुशासन के सिद्धांतों को बनाये रखने के लिए तुरंत और कड़े सुधारात्मक कदमों की जरूरत है इसलिये अब यह आईओए की जिम्मेदारी बन

शेष पेज 2 पर

**21 दिसंबर**
- कुश्ती महासंघ का चुनाव, बृजभूषण के करीबी संजय चुने गए अध्यक्ष
- दिग्गज पहलवान साक्षी मलिक के छलके आंसू, कुश्ती से लिया संन्यास

**22 दिसंबर**
- अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री लौटाया

**23 दिसंबर**
- मूक बधिर पहलवान वीरेंद्र सिंह ने भी पद्मश्री लौटाने का किया ऐलान

**24 दिसंबर**
- खेल मंत्रालय का ऐलान, कुश्ती महासंघ को किया सस्पेंड



### अब आगे क्या

- भारतीय ओलंपिक संघ एक तदर्थ कमेटी तैयार करेगी
- तदर्थ कमेटी खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाएगी
- सरकार के पास महासंघ चुनाव की रिपोर्ट जाएगी
- सरकार तय करेगी कि नवनिर्वाचित कमेटी को बहाल हो या रद्द

### अगले आदेश तक सस्पेंड


सरकार ने नियमों की अवहेलना के कारण कुश्ती संघ को निलंबित किया। नवनिर्वाचित निकाय ने पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त नोटिस दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन की जल्दबाजी में घोषणा की थी।

### साक्षी बोलीं- यह पहलवानों के हित में



पहलवान साक्षी मलिक ने कहा कि यह फैसला पहलवानों के हित में है। हम पहले ही कहते रहे हैं कि यह बेटियों और बहनों की लड़ाई है। यह पहला कदम है। अपने संन्यास से वापसी पर उन्होंने कहा कि नए कुश्ती संघ के आने के बाद वह इस बारे में फैसला करेंगी। उन्होंने आगे कहा कि अब तक लिखित रूप में यह साफ नहीं हुआ है कि कुश्ती संघ को निलंबित किया गया है या सिर्फ संजय सिंह को हटाया गया है। यह साफ होने के बाद ही वह कुछ कहेंगी।

### बजरंग बोले यह सही निर्णय



कुश्ती संघ को निलंबित किए जाने के बाद आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा, यह सही निर्णय लिया गया है। जो हमारी बहन-बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है उसके खिलाफ संबंधित लोगों को पूरी तरह से हटाया जाना चाहिए।


### हमारी लड़ाई सरकार से नहीं : फोगाट



दिग्गज पहलवान विनेश फोगाट ने सरकार के इस फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा, सरकार का यह फैसला खिलाड़ियों के हित में है। कोई सही शख्स कुश्ती संघ का अध्यक्ष बने। किसी महिला को यह जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। इससे हमें सुकून मिलेगा। हमें यह लगेगा कि हमारी लड़ाई और हमारे संघर्षों की जीत हुई है।

मालवाहक जहाज पर हमला

## ड्रोन अटैक की जांच शुरू आज भारत पहुंचेगा जहाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने अरब सागर में भारत के पश्चिमी तट के पास मंगलूर बंदरगाह जाने वाले एक मालवाहक जहाज पर संदिग्ध ड्रोन हमले की जांच शुरू कर दी है। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वाणिज्यिक जहाज मुंबई की ओर जा रहा है। 'यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस' द्वारा एमवी केम प्लूटो पर ड्रोन "हमले" की सूचना दिए जाने के तुरंत बाद नौसेना और भारतीय तटरक्षक शनिवार को एक युद्धपोत और समुद्री गश्ती विमान सहित अपने संसाधन तैनात करके कार्रवाई में जुट गए। वाणिज्यिक जहाज में मौजूद चालक दल में लगभग 20 भारतीय सदस्य थे।

### *अमेरिका का दावा, ईरान ने किया अटैक*


*अमेरिका ने हमले पर बड़ा खुलासा किया है। अमेरिका के मुताबिक जहाज पर हमला ईरानी ड्रोन से किया गया था। अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने ये दावा किया है। आपको बता दें कि भारत के पश्चिमी तट के नजदीक इजरायली जहाज में मौजूद केमिकल टैंकर पर हमला किया गया था जिसपर अब अमेरिका की ओर से दावा किया गया है। ये हमला ऐसे समय में किया गया जब गाजा में युद्धविराम खत्म हुआ है और युद्ध विनाशक रूप लेती जा रही है।*

### 'विक्रम' की निगरानी

भारतीय तटरक्षक जहाज विक्रम पोत के गुजरने के दौरान उसकी सुरक्षा कर रहा है। भारतीय तटरक्षक संचालन केंद्र स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है। एक अधिकारी ने बताया कि, एमवी केम प्लूटो ने लगभग 11 समुद्री मील प्रति घंटे की गति से आगे बढ़ना शुरू कर दिया है। भारतीय तटरक्षक जहाज आईसीजीएस विक्रम के इसके साथ मिलने की संभावना है।

अजान पढ़ते वक्त किया हमला

## आतंकवादियों ने रिटायर एसएसपी को मारी गोली



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार को आतंकवादियों ने 72 वर्षीय सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी (एसएसपी) की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी, जब वह अजान पढ़ रहे थे। वह एक स्थानीय 'मुअज्जिन' थे। मोहम्मद शफी मीर की हत्या से पहले के क्षणों को याद करते हुए उनके रिश्तेदार मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि भोर से पहले की नमाज के लिए लाउडस्पीकर से अजान दी जा रही थी, तभी वह अचानक बंद हो गई। उन्होंने बताया कि मीर के आखिरी शब्द 'रहम' थे। घटना के समय मस्तफा घर पर ही थे। पुलिस ने कहा कि मीर 2012 में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने कहा कि रविवार तड़के उत्तरी कश्मीर जिले के शीरी इलाके के गंतमुल्ला इलाके में मस्जिद के अंदर आतंकवादियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी।

### महबूबा ने साधा निशाना

पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि केंद्र द्वारा प्रचारित सामान्य स्थिति के दिखावे को बनाए रखने की कीमत निर्दोष लोगों को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आतंकवादी हमले में पांच जवान शहीद हो गए, सेना द्वारा हिरासत में तीन निर्दोष नागरिकों को यातनाएं देकर मार डाला गया, कई अब भी अस्पतालों में अपने जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अब एक सेवानिवृत्त एसपी की हत्या कर दी गई।

### भाजपा ने की निंदा

भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई के प्रवक्ता अलताफ ठाकुर ने कहा, उन लोगों ने 72 वर्षीय सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की हत्या का कायरतापूर्ण कृत्य किया, जिनका कोई धर्म नहीं है। शैतानी ताकतें 'अजान' भी बर्दाश्त नहीं कर सकतीं। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष सज्जाद लोन ने भी हत्या की निंदा की।

### अचानक बंद हो गई अजान

एक रिश्तेदार मोहम्मद मुस्तफा ने कहा, 'उन्होंने 'अशहदु अन्ना मोहम्मदु रसूल-अल्लाह' पढ़ा और फिर 'अजान' बंद हो गई। मैंने केवल जोर से 'रहम' की आवाज सुनी। यह भारी आवाज में थी। मुस्तफा ने कहा कि उन्हें लगा कि मीर ने किसी अन्य कारण से अपना फोन बंद कर दिया होगा और अनुमान लगाया कि वह चक्कर आने के कारण गिर गए होंगे। लेकिन कुछ देर बाद लोगों को घटना के बारे में पता चला। उन्होंने कहा, मेरी बेटी ने आकर मुझे बताया कि शफी चाचा की मौत हो गई है। हम उनके घर गए और पता चला कि मीर को बारामूला (अस्पताल) ले जाया गया है। हमें बताया गया कि उन्हें गोली लगी है। मीर के कुछ रिश्तेदारों ने दावा किया कि उन्हें चार बार गोली मारी गई थी।

## पीएम ने बच्चों का बढ़ाया उत्साह

*प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के छात्रों से किया संवाद*



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'वतन को जानो' कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर के लगभग हर जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले करीब 250 छात्रों से बातचीत की। ये छात्र 'वतन को जानो' कार्यक्रम के तहत देश का दौरा कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ये छात्र वंचित पृष्ठभूमि से आते हैं। उन्होंने बताया कि ये छात्र अब तक जयपुर, अजमेर और दिल्ली का दौरा कर चुके हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य जम्मू-कश्मीर के युवाओं और बच्चों को नयी जगह से परिचित कराना है।

न्यू ईयर और क्रिसमस का असर

## हिमाचल में पर्यटकों की भारी भीड़, पांच किमी लंबा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



न्यू ईयर और क्रिसमस की छुट्टियों पर लोगों ने हिमाचल प्रदेश के हिल स्टेशनों का रुख किया है। खासकर हिमाचल प्रदेश के दो लोकप्रिय पर्यटन स्थलों, राज्य की राजधानी शिमला और मनाली में पर्यटकों की भारी संख्या देखी जा रही है। पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण सूबे के कई शहरों में सड़कों पर लंबा जाम देखा गया। सोलन, चमोली, औली, नौनीताल, कुल्लू और मनाली में सड़कें जाम हो गईं।

### शिमला-मनाली में होटल फुल

शिमला और मनाली में होटल 80 से 90 प्रतिशत तक फुल हैं। पर्यटक भीड़ से बचने के लिए कसोल, तीर्थन घाटी और जिभी घाटी जैसे अन्य लोकप्रिय स्थलों का रुख कर रहे हैं। शिमला में होटलों में जगह नहीं मिलने के कारण पर्यटक कुफरी, चैल, नारकंडा, कसौली और सोलन जैसे नजदीकी शहरों में बुकिंग कर रहे हैं। मनाली के एक होटल व्यवसायी ने कहा कि हमें बाढ़ और भूस्खलन के कारण भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

प्रभास की फिल्म ने दुनियाभर में मचाई धूम

## 'सालार' का दिखा दम, दो दिन में कमाए 300 करोड़

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता प्रभास अभिनीत फिल्म 'सालारः पार्ट 1-सीजफायर' ने रिलीज होने के दो दिनों के भीतर दुनियाभर के सिनेमा घरों की टिकट खिड़की पर 295.7 करोड़ रुपए की कमाई की। फिल्म के निर्माताओं ने रविवार को यह जानकारी दी। इस फिल्म का निर्माण 'होम्बले फिल्म्स' ने किया है और इसके निर्देशक प्रशांत नील हैं। इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन ने भी भूमिका निभाई है। निर्माताओं ने 'सालार' के आधिकारिक 'एक्स' पेज पर कमाई के आंकड़े साझा किए। 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया गया, दुनियाभर में टिकट खिड़की पर दबदबा

शेष पेज 2 पर



### दो दोस्तों की कहानी

'सालार' की कहानी दो दोस्तों देवा और वर्धा के इर्द-गिर्द घूमती है जिनकी भूमिका क्रमशः प्रभास और पृथ्वीराज सुकुमारन ने निभाई है, जो अंत में कट्टर प्रतिद्वंद्वी बन जाते हैं। यह फिल्म शुक्रवार को तेलुगु, कन्नड़, तमिल, मलयालम और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज हुई।

### इन फिल्मों को पछाड़ा

इस फिल्म के शुरुआती दिन का आंकड़ा शाहरुख खान की 2023 की दो ब्लॉकबस्टर फिल्मों 'पठान' और 'जवान' को पार कर गया। 'पठान' और 'जवान' ने पहले दिन में दुनियाभर में क्रमशः 106 करोड़ रुपए और 129.6 करोड़ रुपए की कमाई की थी। 'एनिमल' ने पहले दिन 116 करोड़ रुपए की कमाई की थी। 'सालारः पार्ट 1-सीजफायर' में श्रुति हसन, ईश्वरी राव, जगपति बाबू और श्रिया रेड्डी भी हैं।

### तीन दिन में बजट से ज्यादा होगी कमाई

बेहतरीन डायरेक्शन और स्टारकास्ट के साथ फिल्म के निर्माण में करीब 350-400 करोड़ रुपये का खर्च आया था। फिल्म ने जिस स्पीड से दो दिन में कमाई की है। प्रभास स्टार सालार का निर्देशन साउथ सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर प्रशांत नील ने किया है। फिल्म में प्रभास के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन ने भी अहम रोल अदा किया है। फिल्म में दोनों स्टार्स जबरदस्त एक्शन के साथ धमाल मचाते दिखे. प्रभास और पृथ्वीराज के साथ फिल्म में श्रुति हासन भी मुख्य किरदार में दिखीं।

## सांबा में जंग लगे मोर्टार के गोले को निष्क्रिय किया गया



**सांबा/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक बम निरोधक दस्ते ने सांबा जिले में एक नियंत्रित विस्फोट के जरिए जंग लगे मोर्टार के गोले को निष्क्रिय कर दिया। स्थानीय लोगों को राजपुरा क्षेत्र के सीमावर्ती गांव रीगल के एक खेत में मोर्टार का गोला पड़ा हुआ मिला। सूचना पर कार्रवाई करते हुए बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और मोर्टार का गोला बरामद किया। विस्फोटक को एक सुनसान जगह पर ले जाया गया और बाद में नियंत्रित विस्फोट के जरिए उसे सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया।

## चिंतन

# कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन हो

कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ और अधिक मुखर होने की जरूरत है। पुंछ और राजौरी सेक्टर में इन दिनों आतंकी गतिविधियां बढ़ गई हैं, जिससे हमारे जवान शहीद हो रहे हैं। पिछले एक सप्ताह से आतंकी वारदात में तेजी आई है। भारत सरकार लंबे समय से कश्मीर में 'ऑपरेशन क्लीन' चला रही है, जिसके चलते सैकड़ों आतंकी मारे भी गए हैं, आतंकी घटनाओं में भी कमी आई, इसके बावजूद कश्मीर अभी तक आतंकमुक्त नहीं हो सका है। इसके पीछे कारण पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट है। पाकिस्तान की फौज और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई लगातार कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा दे रही है। ठंड के मौसम में पाक एस्टाब्लिशमेंट की कोशिश भारत में आतंकी घुसपैठ कराने की रहती है। वह हर बार ऐसा करती है। दिसंबर के महीने में एलओसी पर आतंकियों की घुसपैठ बढ़ जाती है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में रविवार को आतंकवादियों ने 72 वर्षीय सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी जब वह मस्जिद में अजान पढ़ रहे थे। वह एक स्थानीय 'मुअज्जिन' थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। मस्जिद में आतंकी वारदात चिंता पैदा करती है। भारतीय खुफिया विभाग ने रिपोर्ट जारी कर सुरक्षा बलों को अलर्ट भी कर दिया है कि घाटी में पाक की ओर से आतंकियों की घुसपैठ बढ़ी है। 60 से 70 प्रशिक्षित आतंकी के घुसने का अनुमान है। भारतीय सुरक्षा बल सीमा पर हमेशा अलर्ट रहते हैं, लेकिन भौगोलिक स्थिति की वजह से आतंकी वारदात करने में सफल हो जाते हैं। आतंकी गुटों का एक पैटर्न है कि कश्मीर में जब हालात सामान्य होने लगते हैं, वे आतंकी हमले करने लगते हैं। हाल के वर्षों में आतंकियों ने जवानों व गैर कश्मीरियों को अधिक निशाना बनाया है, इसे रोकने की जरूरत है। भारत को आतंकवाद के खिलाफ आर-पार की लड़ाई लड़नी पड़ेगी। पाकिस्तान की माली हालत जैसी भी है, पर भारत के खिलाफ आतंकवाद उसकी नीति कभी बदलने वाली नहीं है, वह कश्मीर में आतंकवाद को शह देता रहेगा। भारत को इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाना होगा। कश्मीर में अगर तमाम कोशिशों के बावजूद आतंकवाद का खात्मा नहीं हो पा रहा है, तो आखिर जड़ का काटना ही होगा। भारत को कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ कठोर एक्शन लेते रहना होगा। नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख व पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने बेशक कहा है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अब भी जीवित है और सेना या पुलिस के इस्तेमाल से इसका खात्मा नहीं किया जा सकता, बल्कि आतंकवाद के मूल कारण को समझने की जरूरत है। यह बात सुनने में सही लगती है, लेकिन आतंकवाद के खात्मे के लिए केंद्र ने कूटनीति से लेकर सैन्य एक्शन तक कदम उठाए हैं। टेरर फंडिंग पर चाबुक चलाया गया है। दरअसल, जब तक सीमा पार से आतंकवाद प्रायोजित किया जाता रहेगा, कश्मीर में आतंकवाद को शह मिलता रहेगा। भारत को चाहिए कि कश्मीर में सर्च ऑपरेशन तेज करने के साथ ऑपरेशन क्लीन को भी तेज करे। इसी के साथ प्रायोजित आतंकवाद के लिए पाकिस्तान को भी कड़ा संदेश देना होगा। भारत को कश्मीर को आतंकवाद मुक्त करने के लिए कूटनीति और विशेष सैन्य अभियान का संयुक्त प्रयास लगातार करते रहना होगा। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस जरूरी है।



जयंती पर विशेष
कैप्टन अभिमन्यु

# 'अटल सपने' साकार कर रहे मोदी

राजनीति में शुचिता और संकल्प के साथ सामान्य वस्त्रों में संत स्वरूप स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई को याद किया जाता है। भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आज 25 दिसंबर को जन्म जयंती पर विकसित भारत के सपने और अंत्योदय के संकल्प के साथ देश सेवक के रूप में सेवा कर रहे लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वास्तव में सुशासन को लेकर दूरगामी कदम उठा रहे हैं। देश के नागरिकों का विश्वास उनमें किस कदर है, हर बार होने वाले चुनाव और उसमें आने वाले परिणाम हर बार इस बात को साबित कर रहे हैं।

श्रद्धेय अटल जी को याद करते ही सुशासन की बात सहज ही ध्यान में आ जाती है। राजनीति के मैदान में शुद्धता, ईमानदारी और सिद्धांतों के साथ काम करने वाले अटल बिहारी वाजपेई जाने के बावजूद लोगों के दिलों में जिंदा है। वैसे, सुशासन, अंत्योदय और वंचितों का कल्याण इन सभी सोच के धनी अटल बिहारी वाजपेई को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जा सकता है, क्योंकि उनके दिए मंत्र के तहत ही निर्धारित सीमा रेखा के अंदर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं। 1999 में सरकार बनने के बाद वाजपेई जी ने राष्ट्रीय दूरसंचार नीति में बड़े बदलाव करते हुए दूरसंचार क्रांति का बिगुल बजाया था। देश के हर गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है। मात्र वादे और दावे नहीं, बल्कि 2 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायत में ब्रॉडबैंड और इंटरनेट की सुविधा साकार हो चुकी है। वित्तीय समावेशन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेएएम (जनधन, आधार व मोबाइल) की त्रिमूर्ति लागू की है, 50 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को इसका लाभ मिला है, जिसके माध्यम से सरकारी योजनाएं तेज गति से लाभार्थियों को निर्बाध पहुंच रही हैं। आजादी के बाद पहली बार वाजपेई जी की सरकार ने अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए अलग से जनजातीय मामलों का मंत्रालय स्थापित किया, आयोग के गठन के बाद जनजाति समुदाय के लोगों में एक उत्साह और सकारात्मक दृष्टिकोण आया है। नॉर्थ ईस्ट को गति देने के लिए विकास का इंजन बनाने को राष्ट्रीय बांस मिशन, एकलव्य विद्यालयों की संख्या में वृद्धि और आदिवासी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बढ़ाना तमाम अहम कदम सरकार उठा रही है। 'वोकल फॉर लोकल' जैसे स्लोगन नागरिकों के जीवन को बदलने में बेहद कारगर साबित हुए हैं। तमाम अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पोखरण में परमाणु परीक्षण कर अटल बिहारी वाजपेई ने सुरक्षा चक्र को और ज्यादा मजबूत करते हुए साफ कर दिया था कि भारत किसी भी दबाव में पीछे हटने वाला नहीं है। आज अटल जी के पदचिन्हों पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सुरक्षा को लेकर ऐसे कदम उठाए हैं कि आतंकियों के हौसले पस्त हो गए हैं, आज भारत की तरफ नजर उठाने की हिम्मत किसी की नहीं है। अटल बिहारी वाजपेई एक दूरदर्शी नेता और भविष्य की जरूरत की पहचान करने वाले व्यक्ति थे, वर्ष 2001 में पूर्वी रूस में तेल और गैस क्षेत्र में 1.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करके 20% हिस्सेदारी हासिल कर ली थी, यह उस समय भारत का सबसे बड़ा विदेशी निवेश था, विदेशी निवेश के माध्यम से ऊर्जा सुरक्षित करने के लिए



अटल जी ने जो कदम उठाए, आज प्रधानमंत्री मोदी भी भारत के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा दे रहे हैं। देश में सड़क, रेल व हवाई यातायात के लिए मूलभूत ढांचा मजबूत करने की दिशा में केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। इस कड़ी में भारतमाला जैसे प्रोजेक्ट के साथ पीएम गति शक्ति योजना और देश को बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में मजबूत करने की पहल अटल जी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। प्रधानमंत्री मोदी वाजपेई जी के दृढ़संकल्प और इरादों को लेकर आज भी उनके बनाए विजन पर अमल कर रहे हैं। वर्ष 2003 का 91 संशोधन अधिनियम, जिसमें निर्धारित किया था कि मंत्री परिषद में प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या कुल सदस्यों की संख्या के 15 फ़ीसदी से अधिक नहीं होगी, यह भी सुशासन की नींव मजबूत करने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाया गया था।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय वाजपेई ने किसी भी वर्ग और क्षेत्र को छोड़ा नहीं, किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड 1998 में शुरू की थी। किसानों की जरूरत और चुनौतियों को समझते हुए बैंक ऋण, खेती, बीज, उर्वरक, कीटनाशक, ईंधन तमाम बिंदुओं पर वाजपेई जी ने दूरदर्शी सोच के साथ ठोस नीति बनाई, यही कारण है कि आज केंद्र की मोदी सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाएं शुरू कर किसानों के जीवन को बदल दिया है। वाजपेई जी पहले प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के महत्व को समझा और वहां बदलाव की बयार शुरू की, वे असल में श्रमिकों, किसानों और देश के सबसे पिछली पंक्ति के लोगों को आगे लाने के पक्षधर थे, यही कारण है कि मोदी सरकार ने 2020 में चार श्रम कोड की शुरुआत की, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को आगे लाने के लिए यह अहम बदलाव है। वाजपेई अपने सरकार के दौरान भी गरीबों के कल्याण पर फोकस किया था, उन्होंने भविष्य के लिए एक लाइन तैयार की, जिसके आधार पर वर्तमान सरकार ने 'श्रमेव जयते' का नारा दिया। वाजपेई जी द्वारा दिखाए सपने को पूरा करने के लिए मोदी भारत को एक मजबूत दिशा की ओर लेकर जा रहे हैं।

पर्यावरण और जल संकट से निपटने को विवादों को समाप्त करने के लिए नदियों को जोड़ने की वकालत वाजपेई जी ने की थी, उन्होंने पर्यावरण को सुरक्षित रखने और तेल को लेकर दूसरे देशों पर निर्भर रहने की नीति को देखते हुए तेल भंडार निर्माण, स्वदेशी जैव ईंधन को बढ़ावा देने की शुरुआत की थी। मोदी सरकार इस दिशा में कई ठोस कदम उठाकर राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति 2018 लागू कर चुकी है, जिसने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई ताकत प्रदान की है। मोदी सरकार अटल जी की प्रेरणा से स्वच्छता की मुहिम और खुले में शौच की समस्या को देश से समाप्त करने में कामयाब हुई है, भारत की बदलती तस्वीर से पूरा विश्व प्रभावित है।

अटल जी ने 14 लाख स्वयं सहायता समूह के गठन की घोषणा की थी, महिलाओं पर विशेष ध्यान देने के लिए कई नीतियां लागू करने की पहल की थी। वर्तमान मोदी सरकार भी नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट लागू कर कर साफ कर दिया है कि वह अटल जी के दिखाए रास्तों पर ही आगे बढ़ रहे हैं। डेयरी सेक्टर को डीलाइसेंसिंग करने का श्रेय भी अटल बिहारी वाजपेई को जाता है, इससे दूध उत्पादक कंपनियों की संख्या लगातार बढ़ी है, भारत 2018 तक विश्व का शीर्ष दूध उत्पादक देश बन गया और प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता भी बढ़ी है। मोदी सरकार ने इस देश को वन नेशन वन राशन कार्ड की सुविधा प्रदान की है। वाजपेई जी भारतीय भाषाओं के प्रबल समर्थक थे, यही कारण है कि नरेंद्र मोदी सरकार नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा दे रही है। इस प्रकार से मोदी सरकार अटल जी के सपनों को सच करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है। उस पुण्य आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताए रास्तों पर चलना ही है। आज अटल जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जन नेता बन गए हैं और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने में लगे हैं।

(लेखक पूर्व वित्त मंत्री हरियाणा सरकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

श्रद्धेय अटल जी को याद करते ही सुशासन की बात सहज ही ध्यान में आ जाती है। राजनीति के मैदान में शुद्धता, ईमानदारी और सिद्धांतों के साथ काम करने वाले अटल बिहारी वाजपेई जाने के बावजूद लोगों के दिलों में जिंदा है। वैसे, सुशासन, अंत्योदय और वंचितों का कल्याण इन सभी सोच के धनी अटल बिहारी वाजपेई को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जा सकता है, क्योंकि उनके दिए मंत्र के तहत ही निर्धारित सीमा रेखा के अंदर देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चल रहे हैं। 1999 में सरकार बनने के बाद वाजपेई जी ने राष्ट्रीय दूरसंचार नीति में बड़े बदलाव करते हुए दूरसंचार क्रांति का बिगुल बजाया था। देश के हर गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया है।

जयंती
प्रभात झा



# युगपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी

25 दिसंबर 2023 है, यह अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जन्म जयंती है। 25 दिसंबर 2024 को उनकी जन्म जयंती का शताब्दी वर्ष होगा। हमें पूरा विश्वास है कि अटल जी के आदर्शों पर चलने वाले और वर्षों की जनसंघ और भाजपा के घोषणापत्र में लिखे वचनों को साकार करने वाले वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी जन्म शताब्दी की अद्भुत तैयारी की योजना बना चुके होंगे या बना रहे होंगे। यह अटल का सौभाग्य है कि आज उनके द्वारा प्रारंभ की गई विचारधारा को, चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में हो, एकात्म मानववाद के रूप में हो, या अंत्योदय के रूप में, इसे भारत की जमीन पर जूनून से उतारने का काम प्रधानमंत्री मोदी कर रहे हैं। जनता पार्टी की सरकार के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ में अटल जी पहले भारतीय विदेश मंत्री थे जिन्होंने हिंदी में भाषण देकर पूरे विश्व को जहां चौंका दिया था, वहीं अपनी राष्ट्रभाषा को सम्मान प्रदान किया था। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक विश्व में 66 राष्ट्रों में गए और भारत की, भारत माता की और वहां बसे भारतीयों के बीच अपनी संस्कृति और राष्ट्रवाद का पुनर्जागरण जिस तरह से किया उसे अटल को दी जाने वाली सच्ची श्रद्धांजलि कहेंगे तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की पहली सरकार 13 दिन की थी, दूसरी बार 13 महीने की थी। जब 13 महीने की सरकार गिर रही थी तब विपक्ष में बैठे लोगों ने ताने मारे थे कि अटल ने सत्ता के लिए धारा 370, राममंदिर निर्माण, तीन तलाक को समाप्त करना, समान नागरिक संहिता जैसे अपने विचारधारा के विषय को भूलकर एनडीए से समझौता किया। प्रधानमंत्री के नाते अटलजी ने सदन में जवाब दिया था कि राष्ट्रपति द्वारा सबसे बड़े दल होने के नाते हमें सरकार बनाने के लिए बुलाया गया, तो हमने न्यूतम साझा कार्यक्रम बनाया था जिससे देश पर पुनः चुनाव का भार न पड़े और अच्छी सरकार दे सकें, लेकिन विपक्ष की ओर अटल ने कहा की एक बात समझ लीजिये, जिस दिन हम बहुमत में आएंगे, उस दिन न धारा 370, न राममंदिर, न तीन तलाक और न समान नागरिक संहिता को छोड़ेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 2014 में भाजपा की अकेले दम पर केंद्र में बहुमत की सरकार बनवाई। 2019 में इतिहास रचा गया और दोबारा सरकार बनी। प्रधानमंत्री मोदी के कानों में अटल के वे वाक्य जो उनके द्वारा सदन में कहे गए थे और जनसंघ से लेकर भाजपा के घोषणापत्र में लगातार लिखे जा रहे थे, को पूरा करने का अवसर आया, उन्होंने तनिक भी देर नहीं की और अपने राजनीतिक पुरखों की लिखी और कही विचाराधारा की बातों को 140 करोड़ जनता के चरणों में समर्पित किया। अटलजी ने मुंबई में संपन्न हुए भाजपा के प्रथम सम्मेलन में कहा था 'अंधेरा हटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा।' आज उनके इस वाक्य को मोदी शब्दशः साकार करने में अनवरत देश के एक सेवक एवं कार्यकर्ता के रूप में सक्षमता से साकार कर रहे हैं। अटलजी को उनके राजनीतिक जीवन की यात्रा में किये गए अनथक प्रयत्न, उनकी उदारता, उनकी आत्मीयता और उनके द्वारा एक नहीं अनेक बार की कई भारत यात्रा में अपनी वाणी से जनसंघ के दीये के प्रकाश में और कमल पुष्प के सुगंध से पूरे भारतवर्ष में जनता को भाजपा को आकर्षित करने का प्रयास किया। अटलजी ग्वालियर स्थित शिंदे की छावनी के कमल सिंह बाग स्थित अपने पैतृक निवास के एक छोटे से पाटोर में पैदा हुए। उनके पिता पंडित कृष्ण बिहारी वाजपेयी आजादी से पूर्व उत्तर प्रदेश के बटेश्वर से ग्वालियर आकर सिंधिया स्टेट के दौरान एक स्कूल में शिक्षक की नौकरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। अटल चार भाइयों में सबसे छोटे थे। उनका संपर्क बाल्यकाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक तीजारेजी से हुआ। वहीं से वे संघ के स्वयंसेवक बने। अंग्रेजों के जमाने में ग्वालियर में विक्टोरिया कॉलेज जिसका नाम आज महारानी लक्ष्मीबाई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय है, में वे पढ़ते थे। अटल जी को जिन शिक्षकों ने पढ़ाया था उनमें एक बहुत बड़े साहित्यकार डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन जी थे। अटल बिहारी वाजपेयी आज भले ही काया से हमारे बीच नहीं हैं,लेकिन छाया से वे हम सबके बीच सदैव रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भारत रत्न देकर और 25 दिसंबर उनके जन्म दिवस को सुशासन दिवस घोषित कर एक आदर्श जीवनशैली के राजनेता और प्रधानमंत्री के रूप में उनकी सेवा का जहां सम्मान किया, वहीं राजघाट पर उनकी समाधि 'सदैव अटल' बनाकर हर भारतवासी की ओर से जो श्रद्धांजलि अर्पित की वह इतिहास में अमर हो गया। आज जो भी नागरिक व कार्यकर्ता दिल्ली आता है 'सदैव अटल' पर जरूर श्रद्धांजलि अर्पित करता है और अपनी विचारधारा के पुरोधा को प्रणाम करते हुए अभिभूत हो जाता है।

(लेखक पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जानिए क्या है आत्मा की अस्वस्थता के कारण?



संकलित
**दर्शन**

हम लोगों के लिए पांच तरह का स्वास्थ्य जरूरी है। ये हैं शरीर, परिवार, समाज, मन और आत्मा का स्वास्थ्य। इनके अस्वस्थ रहने के कारण हैं- मोह, संशय, संदेह, शंका और भ्रम। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि उसे बहुत भोग न दिए जाएं। शरीर का महत्व समझ लेना चाहिए। ये बड़ा वरदान है ईश्वर का। बहुत बड़ा उपहार है। वह स्थूल रूप में स्वस्थ रहे, यह आवश्यक है। तथागत बुद्ध कहते है अष्टांग योग से शरीर स्वस्थ्य रहेगा। तन तंदुरुस्त रखने के लिए सम्यक आहार जरूरी है। बुद्ध कहते है सम्यक व्यायाम भी जरूरी है। तीसरा बुद्ध का नहीं, महर्षि रमण का सूत्र है, और वह है कम बोलना। आदमी जितना बोलता है, उतना शरीर दुर्बल होता है। जितना जरूरी है, उतना ही बोलना चाहिए। यानी, सम्यक बोला जाए, वरना शरीर अस्वस्थ होगा।असीम विहार, असीम व्यवहार, असीम आहार.. इससे शरीर बिगड़ता है। इनके अलावा जिन पांच से शरीर बिगड़ता है, वे हैं- दूसरों पर शंका, संदेह, संशय, मोह और भ्रम। ये सबके समापन की व्यवस्था मानस ने दी है- सदगुर मिलें जाहिं जिमि संसय भ्रम समुदाइ। आप कथा सुनते हैं, सत्संग करते हैं, मैं गाता हूं, ये सब अच्छा लगता है। हम सुख पा रहे हैं। यह सबका अनुभव है, लेकिन हम केवल इसी में गिरफ्तार न हो जाएं। हमारा परिवार के प्रति भी उत्तरदायित्व है। हम सुख पा रहे हैं तो उन्हें भी सुख दीजिए। परिवार में यदि कोई महारोग का भोग बन जाए तो हमारे शरीर पर भी असर होता है। *-मोरारी बापू*

## श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे यौद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खेलेगा इंडिया तो आगे बढ़ेगा देश

हमारे देश में एक कहावत है कि पढ़ोगे-लिखोगे तो बनोगे नवाब, खेलोगे-कूदोगे तो होंगे खराब। लेकिन आज बच्चों पर जिस तरह पढ़ाई का भार है और बच्चे जिस तरह मोबाइल, टीवी के मोह में फंसकर या कुछ लोग अपने बच्चों को मोबाइल और टीवी के जाल में फंसाकर बच्चों की सेहत के दुश्मन बन रहे हैं, उसके लिए जरूरी हो गया है कि बच्चों को खेल खेलने के लिए मैदान में भेजा जाए। अगर बच्चे खेल के मैदान में नहीं खेलते हैं तो इनके तन-मन के लिए जरा भी उचित नहीं है। इसलिए बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी जरूर भाग लेना चाहिए। हमें बच्चों को खेल के मैदान में उतारने की शपथ लेनी चाहिए।

*- सुरेश साहू, बलौदा बाजार*

जयंती विशेष
विकास शर्मा 'लघु अटल'

# कल्याणकारी राज्य को साकार करने का घोष है सुशासन दिवस

देश सुशासन दिवस मनाने में जुटा हुआ है। शासकीय तंत्र शासन से मिले निर्देशों का पालन कर विभिन्न प्रकार के आयोजन की सफलता के लिए जुट गया है। इस सरकारी गहमागहमी के बीच सुशासन दिवस मनाए जाने के पीछे की परिकल्पना को जानना जरूरी हो जाता है। मुख्य रूप से सुशासन दिवस मनाने का ध्येय सत्ता और शासन तंत्र को जवाबदेही का अहसास कराना है, जनहित में सरकारी लोगों की जिम्मेदार भूमिका को रेखांकित करना है। ये दिवस देश और समाज की उन्नति में शासन तंत्र को उसकी असल भूमिका का स्मरण भी कराता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को भारत सरकार ने वर्ष 2014 से सुशासन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया। पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का सत्ता और शासन तंत्र को लेकर जो नजरिया रहा है उसे इस दिवस के माध्यम से पुनःस्मरण कराना इस दिवस का एक अहम लक्ष्य है।

अटल जी ने 1969 में राष्ट्रधर्म में प्रकाशित लेख में कहा कि हमें भारत को सुदृण , शक्तिशाली और समृद्ध राष्ट्र बनाना है और इस उदेश्य की पूर्ति के लिए जो साधन आवश्यक होगा , जो नीति आवश्यक होगी उसका निर्धारण और क्रियांवयन करेंगे। इस व्यापक उदेश्य को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री रहते उन्होंने विषम राजनीतिक परिस्थितियों में भी बड़े और कड़े निर्णय लिए। सत्ता के माध्यम से सर्वोदय का विकास करने के अटल जी के सिद्धांत को आज उनके अनुगामी अधिक दृणता और शक्ति से बढ़ा रहे हैं।

संविधान के अनुरूप सरकार द्वारा तैयार विकास और उन्नति के प्रारूप में हर नागरिक अपना स्थान सुनिश्चित कर सके तभी सुशासन है। अटल जी मानते थे जो देश की दरिद्रता और विपन्नता है उसका कारण हमारी व्यवस्था की विफलता है। पांच्चजन्य में लिखे एक लेख में अटल जी ने कहा कि बेकारी , गरीबी, भूखमरी ईश्वर का विधान नहीं, मानवीय व्यवस्था की विफलता का परिणाम है। इस बात को समझते हुए लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में प्रशासन को संवेदनशील और अधिक जवाबदेह बनाने पर उन्होंने जोर दिया। आज उनके राजनीतिक शिष्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई मोदी इस बात को अधिक बल देकर प्रतिध्वनित करते हैं कि **less government and more governance** से देश विकसित राष्ट्र की पंक्ति में जल्द अपने को खड़ा कर पाएगा।

प्रदेश में इस बार विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बनी सरकार ने आते ही अपने इरादे स्पष्ट किए हैं कि वो सुशासन के संकल्प के साथ ही शासन करेगी। अटल जी ने जिस सत्ता को सेवा का माध्यम माना और 01 जून 1996 को संसद में दिए ऐतिहासिक भाषण में अपनी पार्टी के राजनीतिक उदेश्य को स्पष्ट किया था और घोषणा की थी कि मूल्यहीन सत्ता को वे चिमटे से भी छूना पसंद नहीं करेंगे। उस उच्च आदर्श की छाँव में भाजपा देश का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुकी है। बदलते दौर में जनअपेक्षाओं का विस्तार हुआ है। प्रदेश में राजनीतिक रूप से लोगों के भरोसे के टूटने के बाद 'हम बनाए हैं और हम ही संवारेंगे' के संकल्प पर सबने विश्वास जताया है। जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य प्रारंभ भी हो गया है। गरीब को मकान दिलाने की दिशा में पहला कदम बढ़ा चुका है और किसान के बाजूओं को अर्थ की ताकत देने के लिए वादे अनुसार लगभग 3800 करोड़ रूपए का बोनस भी सुशासन दिवस पर वितरित होने जा रहा है। छोटे और मंझोले किसान परिवारों के लिए क्रिसमस के दिन दिवाली जैसी खुशी स्वाभाविक है। यह तो शुरूआत है पर विश्वास बनाए रखने के लिए शासन को अभी बहुत कुछ सोचना और तंत्र को बहुत कुछ करना शेष है।

इस दिवस पर बोनस वितरण एक शुभ लक्षण है पर सुशासन इससे आगे शासनतंत्र की जवाबदेही को बढ़ाने से अधिक प्रासंगिक होगा। अटल जी इस बात को लेकर चिंतित रहते थे कि वनवासियों के कल्याण की बातें कागजों से नीचे नहीं उतर पा रही हैं। 8 सितंबर 1968 को भारतीय जनसंघ के अधिवेशन को संबोधित करते हुए उन्होंने चिंता जाहिर की थी कि "जनजातियों पर खर्च होने वाला सरकारी धन कहीं अपरोक्ष रूप से धर्मांतरण को तो प्रोत्साहित नहीं करता।" ऐसी स्थिति उनके सर्वोदय के विकास की कल्पना को साकार होने से रोकती है। ऐसे में आदिवासी बहुल राज्य छत्तीसगढ़ में आज भी जबकि ऐसी बातें सुनने में आती रहतीं हैं तो ऐसी सामाजिक समरसता बिगाड़ने वाली ताकतों का संहार करने के लिए 'विष्णु' को सुशासन रूपी सुदर्शन चलाना ही होगा। कल्याणकारी राज्य की संकल्पना को साकार करने का घोष है सुशासन दिवस । इस घोष की आवाज जब हर क्षण शासन तंत्र में प्रतिध्वनित होती रहेगी तभी इस दिवस के आयोजन सार्थक और इसे मनाए जाने का निर्णय प्रासंगिक होगा।

*-लेखक जनसंपर्क अधिकारी, रायपुर*

## ट्रेंड

### हमारी लड़कियों पर गर्व



हमारी लड़कियों पर गर्व है! ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट क्रिकेट मैच जीतने के लिए हमारी महिला क्रिकेट टीम को बधाई। आपने अंतर्राष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट में इतिहास रचा है। आपको मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ। जीत हमेशा आपकी हो।

-अमित शाह, गृह मंत्री

### राहत की सांस



मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम लागत को कम करने जा रहा है, उन लोगों के लिए जीवन बचाएगा जो नशीली दवाओं को छोड़ देते हैं क्योंकि वे उन्हें वहन नहीं कर सकते हैं, और लोगों को थोड़ी राहत की सांस लेने की जगह देता है।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### जीवन विचार से बड़ा



जीवन विचार से कहीं अधिक बड़ी घटना है। दुर्भाग्य से, मनुष्य अपने ही विचारों में बहुत अधिक उलझ गया है। इंसान को व्यर्थ के विचारों में न उलझकर जीवन को सफल बनाने के बारे में सोचना चाहिए।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### बच्चों को तैयार करें



अपने बच्चों को एक ऐसी यात्रा के लिए तैयार करें जिसमें न केवल सफलता बल्कि असफलताएँ भी शामिल हों। उन्हें न केवल उपलब्धि को संभालना सिखाएं, बल्कि असफलताओं से कैसे निपटें और अपनी गलतियों से सार्थक सबक कैसे प्राप्त करें।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर, सोमवार 25 दिसंबर 2023 | अगहन शुक्ल पक्ष त्रयोदशी | वर्ष : 22, अंक : 158 | पृष्ठ : 10+6+4 = 20 मूल्य : 5.00 ** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



### पीएम मोदी का रोड शो 30 दिसंबर को



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 30 दिसंबर को अयोध्या में रोड शो करने के साथ ही एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री का रोड शो करीब 15 किलोमीटर लंबा होगा, जो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27, धर्म पथ, लता मंगेशकर चौक, राम पथ, टेढ़ी बाजार, मोहबरा चौराहा से होते हुए अयोध्या रेलवे स्टेशन तक जाएगा। प्रधानमंत्री पहले अयोध्या हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह रोड शो करते हुए सड़क मार्ग से अयोध्या रेलवे स्टेशन जाएंगे।

# प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हो गया भव्य राम मंदिर, 1000 साल होगी राम मंदिर की आयु

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जारी कीं मंदिर निर्माण की ताजा तस्वीरें

**10** करोड़ ने मंदिर निर्माण के लिए दिया योगदान

**14** मीटर गहरी आर्टिफिशियल रॉक बनाई गई

**2.5** प्रतिशत तक किया गया सीमेंट का प्रयोग

**21** लाख क्यूबिक पत्थर अब तक लग चुके

**जनकपुर धाम से अयोध्या धाम यात्रा**

नेपाल विभिन्न प्रकार के आभूषण, बर्तन, कपड़े और मिठाइयां भेजेगा। ये वस्तुएं भेजने जनकपुर धाम-अयोध्या धाम यात्रा होगी।

एजेंसी ⏭ अयोध्या

रामजन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राम मंदिर श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को मंदिर निर्माण की ताजा तस्वीरें जारी की हैं। राममंदिर का भूतल तैयार हो चुका है। राम मंदिर की सीढ़ियां भी बन गई हैं। सीढ़ियों के दोनों तरफ रेलिंग लगा दी गई हैं। कुबेर टीला पर जटायु की मूर्ति स्थापित की जा चुकी है। कुबेर टीला के सुंदरीकरण का काम भी तेजी से चल रहा है।

**100 विमान उतरने की संभावना**

त्रेता युग में जिस तरह रावण का वध कर लंका से भगवान राम पुष्पक विमान से वापस लौटे थे, ऐसा ही कुछ नजारा 22 जनवरी को देखने को मिलेगा। देश-विदेश से 100 से अधिक विमानों के उतरने की संभावना है।

**30 को अयोध्या के लिए पहली उड़ान**

दिल्ली से अयोध्या के लिए पहली उड़ान 30 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजकर 20 मिनट पर आएगी। यह विमान दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सुबह 10 बजे उड़ान भरेगा। इस उड़ान के आने के बाद पीएम मोदी करीब 12 बजे अयोध्या आएंगे। पीएममोदी पांच किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर का भी शिलान्यास करेंगे। यह फ्लाईओवर अयोध्या रेलवे स्टेशन को अयोध्या हवाई अड्डे से जोड़ेगा।


## खबर संक्षेप

### मध्यप्रदेश में आज मंत्रिमंडल का विस्तार




**भोपाल।** मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार सोमवार दोपहर में हो सकता है। करीब 20 मंत्री दोपहर में शपथ ले सकते हैं। इसमें नए चेहरे के साथ ही कुछ पूर्व मंत्रियों को मौका देने की बात सामने आ रही है। मुख्यमंत्री की केंद्रीय नेताओं से मुलाकात के बाद मंत्रिमंडल के नाम पर अंतिम मुहर लग गई है। बता दें सीएम का एक सप्ताह में यह तीसरा दौरा है।

### चीन में भूकंप से अब तक 148 की मौत




**बीजिंग।** उत्तर पश्चिम चीन में इस सप्ताह आए शक्तिशाली भूकंप से कम से कम 148 लोगों की मौत हो गई। भूकंप से प्रांत के कृषि व मत्स्य पालन उद्योगों को 7.46 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ है। अधिकारी कृषि क्षेत्र के लिए राहत कोष का उत्तम प्रयोग करने पर विचार कर रहे हैं ताकि उत्पादन जल्द से जल्द फिर से शुरू किया जा सके।

### वृंदावन मंदिर में दो श्रद्धालुओं की मौत



**मथुरा।** यूपी के वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में रविवार को 2 महिलाओं की मौत हो गई। वे मंदिर में बांके बिहारी के दर्शन के लिए लाइन में लगी थीं। दोनों महिलाएं बीमार थीं। परिजन बिना पोस्टमॉर्टम करवाए ही उनके शव ले गए, जिसकी वजह से मौत की वजह पता नहीं चल पाई। बताया जा रहा है कि क्रिसमस और नववर्ष के पहले वीकेंड के चलते रविवार को भारी संख्या में भक्त वृंदावन पहुंचे थे।

### दो वाहनों की टक्कर में पांच की मौत



**हैदराबाद।** तेलंगाना के नारायणपेट जिले में रविवार को दो वाहन आपस में टकरा गए। इस घटना में 5 लोगों की मौत हो गई। नारायणपेट एसपी योगेश गौतम के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। हादसा उस वक्त हुआ जब सामने से आ रही दो कार की आपस में टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### आईएसएस इंफाल को कल मिलेगा कमीशन



**नई दिल्ली।** हिंद महासागर में चीन की बढ़ती घुसपैठ के बीच भारतीय नौसेना अपनी समुद्री क्षमता को बढ़ावा देने के लिए आईएसएस इंफाल को 26 दिसंबर को कमीशन करने जा रही है। आईएसएस इंफाल को मुंबई डॉकयार्ड में कमीशन किया जाएगा। इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। इसके बाद वॉरशिप पश्चिमी नौसेना कमान में शामिल हो जाएगा।

## पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का दौर लगातार जारी, दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में

# उत्तरभारत में शीतलहर, कश्मीर में बर्फबारी से लुढ़का पारा, छत्तीसगढ़ में बढ़ेगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/श्रीनगर/रायपुर

*उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रविवार सुबह दिल्ली कोहरे की चादर में लिपटी नजर आई। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के 56 जिलों में अगले 48 घंटे के लिए भयानक कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का दौर लगातार जारी है जिसके चलते मैदानों में ठंड बढ़ने लगी है। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में रविवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 2 दिनों में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आएगी।*

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का दौर लगातार जारी है, जिसके चलते मैदानों में ठंड बढ़ने लगी है। दिल्ली, यूपी और बिहार समेत कई राज्यों में घना कोहरा छाने लगा है। रविवार सुबह के समय दिल्ली कोहरे की चादर में लिपटी नजर आई। मौसम विभाग आईएमडी के अनुसार, आज सुबह दिल्ली का तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कश्मीर में दो दिनों की राहत के बाद रविवार को ठंड बढ़ गई और घाटी के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे चला गया। अधिकारियों के मुताबिक जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में शनिवार रात को तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। यहां एक दिन पहले शुक्रवार रात को तापमान शून्य से 1.2 डिग्री सेल्सियस नीचे था।

दक्षिण कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। एक दिन पहले शुक्रवार रात को तापमान शून्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस नीचे था। पहलगाम वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार शिविरों में से एक है। यह कश्मीर घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस नीचे, कोकरनाग शहर में शून्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा।



**यूपी में येलो अलर्ट**

मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश के 56 जिलों में अगले 48 घंटे के लिए भयानक कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, राजधानी लखनऊ में इस पूरे सप्ताह मौसम साफ रहने की उम्मीद है। वहीं, कानपुर में ज्यादा ठंड पड़ने की संभावना है। बिहार में पुरवा के प्रवाह से प्रदेश का मौसम आजकल काफी शुष्क हो गया है। इस तरह की स्थिति अगले पांच दिनों तक बने रहने की उम्मीद है।

**रोहतांग सहित अन्य दर्रों में आधा फीट तक गिरी बर्फ**

पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का दौर लगातार जारी है, जिसके चलते मैदानों में ठंड बढ़ने लगी है। उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में शीतलहर देखने को मिल रही है। हिमाचल प्रदेश में शनिवार को मौसम ने करवट बदली और चोटियों पर हिमपात हुआ।

**अगले 24 घंटे के दौरान कहां कैसा मौसम**

असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा और मिजोरम में आंधी-तूफान के साथ ओलावृष्टि की आशंका है। पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, ओडिशा, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम में ठंड के साथ घना कोहरा छाया रहेगा।

### कश्मीर में 'चिल्लई-कलां'

कश्मीर इस समय हाड़ कंपाने वाली सर्दी के दौर 'चिल्लई कलां' से गुजर रहा है। चिल्लई-कलां' 40 दिनों की भीषण सर्दी की अवधि है जब इस क्षेत्र में शीत लहर चलती है और तापमान बेहद नीचे चला जाता है जिससे प्रख्यात डल झील सहित जलाशयों में पानी बर्फ बन जाता है। घाटी के कई हिस्से इस स्थिति का सामना करते हैं। इस अवधि में ज्यादातर हिस्सों में, विशेषकर ऊंचे इलाकों में बार-बार और बहुत बर्फबारी होती है।'चिल्लई-कलां' की शुरुआत 21 दिसंबर से होती है और 31 जनवरी को यह समाप्त होगा। इसके बाद कश्मीर में 20 दिनों का 'चिल्लई-खुर्द' (छोटी ठंड) और 10 दिनों का 'चिल्लई-बच्चा' (हल्की ठंड) का दौर रहता है। उस दौरान भी शीत लहर जारी रहती है।

**छग में पश्चिमी विक्षोभ से गिरा तापमान**


मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में पश्चिमी विक्षोभ के गुजर जाने के कारण तापमान में गिरावट आई है।



अपेक्षाकृत गर्म हवाएं आ रही थी, इससे तापमान बढ़ा हुआ है। छत्तीसगढ़ में सबसे कम तापमान नारायणपुर 7.8 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले 2 दिनों में न्यूनतम तापमान में हल्की गिरावट आएगी।

## डीजीपी ने दिए नए निर्देश

### फर्जी डिग्री-मार्कशीट गिरोह से जुड़े लोगों पर कसेगा शिंकजा



एजेंसी ⏭ जयपुर

राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा ने फर्जी डिग्री और अंक तालिका बनाने वाले गिरोह से जुड़े सभी व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने शिक्षा की आड़ में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए हाल में निर्देश जारी किये थे। मिश्रा ने बताया, पुलिस मुख्यालय द्वारा इन गिरोह से जुड़े व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन इसकी निगरानी करेंगे। यह टीम प्रदेश व अन्य राज्यों में फर्जी डिग्री और अंक तालिका बनाने वाले विश्वविद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों पर नजर रखेगी। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में प्राप्त शिकायतों पर तत्काल अनुसंधान कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**क्या है मामला**


राज्य एवं राज्य से बाहर के विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रवेश करवाने के नाम पर आरोपी प्रजापत ने पीड़ित से 2021 से 30 लोगों के आवेदन लेकर 26 लाख रुपये ले लिए और सभी को फर्जी डिग्री और अंक तालिका थमा दी। पुलिस महानिदेशक ने बताया, पुलिस ने मामले में त्वरित अनुसंधान कर आरोपी नरेश प्रजापत को 18 दिसंबर को गिरफ्तार कर लिया।

**कई राज्यों से जुड़े तार**

जांच में सामने आया कि आरोपी प्रजापत की अन्य राज्यों के फर्जी डिग्री देने वाले एजेंट से संपर्क है। पैसे लेकर आरोपी उत्तराखंड शिक्षा परिषद रुड़की, मेवाड़ यूनिवर्सिटी गंगरार चितौड़गढ़, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय छतरपुर मध्य प्रदेश और आईईसी यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश के नाम से जारी फर्जी डिग्रियां देता था। अन्य राज्यों में इसके गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) गौरव यादव की अगुवाई में दो टीम रवाना की गई हैं। अभियुक्त प्रजापत को रिमांड पर लेकर गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फर्जी अंक तालिका एवं डिग्रियां तैयार करने वाले प्रत्येक आरोपी को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## कोरोना के 24 घंटे में 656 नए केस

# केरल में एक मरीज की मौत, महाराष्ट्र में अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश में कोरोना वायरस संक्रमण की रफ्तार कम नहीं हो रही है। रविवार को केरल में एक और मरीज की मौत हो गई। इस बीच, महाराष्ट्र सरकार भी अलर्ट मोड पर आ गई है। देश में रविवार को पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 656 नए मामले सामने आने के बाद एक्टिव मरीजों की संख्या अब 3742 पहुंच गई है।

कोरोना के इन नए केस में 128 तो अकेले केरल में पाए गए हैं। केरल में संक्रमण की वजह से एक मरीज की मौत भी हुई है, दूसरी ओर बढ़ते संक्रमण को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार भी अलर्ट हो गई है।

**इन राज्यों में बढ़े केस**

केरल, कर्नाटक समेत दक्षिण के कई राज्यों में कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार भी अलर्ट मोड पर आ गई है। महाराष्ट्र के मंत्री संजय बनसोडे ने स्वास्थ्य अधिकारियों को सरकारी अस्पतालों में वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य जरूरी उपकरणों की उपलब्धता को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

**डब्ल्यूएचओ ने कहा- निगरानी बढ़ाएं**

डब्ल्यूएचओ ने दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों से कोविड-19 और इसके नए उप-स्वरूप जेएन.1 तथा इन्फ्लूएंजा सहित श्वसन रोगों के बढ़ते मामलों को देखते हुए निगरानी व्यवस्था को मजबूत करने का आग्रह किया है। डब्ल्यूएचओ ने लोगों से भी ऐहतियाती कदम उठाने की अपील की है। डब्ल्यूएचओ दक्षिण-पूर्व एशिया की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा, कोविड-19 वायरस विश्व स्तर पर सभी देशों में फैलता, परिवर्तित और प्रसारित होता रहता है।

**इधर, केंद्रीय मंत्री बोले- चिंतित होने की जरूरत नहीं**

केंद्रीय पर्यटन राज्यमंत्री श्रीपाद नाईक ने रविवार को कहा कि नागरिकों और पर्यटन उद्योग को कोविड-19 की नयी लहर को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है क्योंकि देश पहले इस बीमारी का मुकाबला कर चुका है। वह दक्षिण गोवा में साप्ताहिक पत्रिका 'पांचजन्य' द्वारा आयोजित 'सागर मंथन 2.0' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नाईक से जब पूछा गया कि क्या देश में महामारी फैलने पर फिर लॉकडाउन लगाया जा सकता है तो उन्होंने कहा, घबराने की जरूरत नहीं है। यदि वह फिर आती है तो भी हम उसका मुकाबला कर सकते हैं। हमने पहले भी उसका मुकाबला किया है।

# क्रिसमस की पूर्व संध्या पर बेथलहम में सन्नाटा, युद्ध के कारण नहीं मनाया जश्न

एजेंसी ⏭ बेथलहम

आम तौर पर गुलजार रहने वाला ईसा मसीह का जन्मस्थान बेथलहम रविवार को क्रिसमस की पूर्व संध्या पर किसी वीरान शहर सा नजर आया जहां इजराइल-हमास युद्ध के चलते जश्न नहीं मनाया जा रहा। मैंगर स्क्वायर (चौक) को जगमग करने वाली उत्सव की रोशनी और 'क्रिसमस ट्री' नजर नहीं आए साथ ही विदेशी पर्यटकों और उत्साही युवाओं की वो भीड़ भी नदारद दिखी जो हर साल छुट्टी मनाने के लिए पश्चिमी तट के शहर शहर में एकत्र होती थी।

**हमास-इजराइल युद्ध का दिखा साया**



**अर्थव्यवस्था के लिए झटका**

क्रिसमस के जश्न का रद्द होना शहर की अर्थव्यवस्था के लिए एक गंभीर झटका है। बेथलहम की आय का अनुमानित 70 प्रतिशत हिस्सा पर्यटन से आता है। पर्यटन से होने वाली लगभग पूरी आय क्रिसमस के मौसम के दौरान होती है।

**रहने को घर नहीं**


मैंगर स्क्वायर से कुछ ही कदमों की दूरी पर स्थित आफतीम रेस्तरां के मालिकों में से एक अला'आ सलामेह ने कहा, जब कुछ लोगों (गाजा में) के पास रहने के लिए घर तक नहीं है, तो हम एक पेड़ लगाने और सामान्य रूप से जश्न मनाने को उचित नहीं ठहरा सकते हैं। सलामेह ने कहा कि क्रिसमस की पूर्व संध्या आमतौर पर साल का सबसे व्यस्त दिन होता है।

## सेना ने जांच के दिए आदेश

# पुंछ में तीन नागरिकों की मौत की जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सेना ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में तीन नागरिकों की मौत की गहन आंतरिक जांच के आदेश दिए हैं। ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं कि इन तीन लोगों की सेना की हिरासत में मौत हुई है। पुंछ में 21 दिसंबर को किए गए हमले में सेना के चार जवानों की हत्या के मद्देनजर सेना ने कथित तौर पर तीन नागरिकों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया था।



**कश्मीर पुलिस कर रही जांच**

इस मामले से परिचित लोगों ने कहा कि मानक संचालन प्रक्रिया के हिस्से के रूप में नागरिकों की मौत की गहन जांच का आदेश दिया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस भी नागरिकों की मौतों की जांच कर रही है।

## सबसे ज्यादा गुजरात में 28 निजी विश्वविद्यालय स्थापित

# पांच सालों में खोले 140 निजी विवि, छत्तीसगढ़ में सात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश में पिछले पांच सालों में कुल 140 निजी विश्वविद्यालय खोले गए हैं। सबसे ज्यादा निजी विश्वविद्यालय गुजरात में खोल गए तथा उसके बाद इस संबंध में महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश का स्थान आता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। इन आंकड़ों के मुताबिक, पिछले पांच वर्षों के दौरान गुजरात में 28 निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए जबकि महाराष्ट्र में 15 विश्वविद्यालय खोले गए। छत्तीसगढ़ में सात निजी विवि पिछले पांच वर्षों में खोले गए। इस अवधि के दौरान ⏭ शेष पेज 2 पर

**सामान्य डिग्री पाठ्यक्रम का अधिकार**

ऐसे निजी विश्वविद्यालयों को यूजीसी की विशिष्ट मंजूरी के बिना सामान्य डिग्री पाठ्यक्रम संचालित करने का अधिकार है। उन्होंने कहा, लेकिन व्यावसायिक और चिकित्सा पाठ्यक्रम संचालित करने की मंजूरी संबंधित नियामक या वैधानिक निकायों की ओर से दी जाती है। ऐसे पाठ्यक्रम अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग और भारतीय दंत चिकित्सा परिषद जैसे संबंधित निकायों के नियमों के तहत आते हैं।



**कहां कितने निजी विवि खुले:** पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में सात निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए, जबकि झारखंड और राजस्थान में इस अवधि के दौरान छह-छह निजी विश्वविद्यालय खोल गए हैं। बिहार, ओडिशा, उत्तराखंड और तेलंगाना में पांच-पांच निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए। आंध्र प्रदेश, हरियाणा, मणिपुर, ओडिशा, तमिलनाडु, सिक्किम और उत्तर प्रदेश में चार-चार निजी विश्वविद्यालय खोले गए।

**यूजीसी करता है नियमित संवाद**

अधिकारी ने कहा, यूजीसी नियमित रूप से संस्थानों और विश्वविद्यालयों से संवाद करता है। सुनिश्चित करता है कि वे नियमों का पालन करें। यूजीसी ने सूचित किया है कि इन संस्थानों के खिलाफ अब तक उसे किसी नियम के बड़े पैमाने पर उल्लंघन की जानकारी नहीं मिली है। पिछले पांच वर्षों के दौरान शैक्षणिक सत्र 2018-19 में सबसे अधिक 40 निजी विश्वविद्यालय स्थापित किए गए, जबकि 2021-22 शैक्षणिक सत्र के दौरान 34 निजी विश्वविद्यालय खोल गए।

# चकल्लस



## जोर का झटका हाय धीरे से

भाजपा ने छत्तीसगढ़ फतेह कर लिया। थोक में दिग्गज जीतकर विधानसभा पहुंच गए। उनमें से कुछ इतने बड़े वाले दिग्गज कि मानकर बैठे थे कि उन्हें मंत्री बनने से कोई रोक ही नहीं सकता। सो कपड़ा लत्ता से लेकर स्टाफ तक, सब एकदम तैयार। कुछ ने पुराने खांटी लोगों को इकट्ठा करके बाकायदा दफ्तर भी शुरू कर दिया। लेकिन हाय रे...। जब लिस्ट निकली तो पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। उसका नजारा शपथ ग्रहण में भी नजर आया। तीन चार दिग्गजों के मुंह ऐसे उतरे हुए थे कि जश्न में नहीं, मातम में आए हैं। इतना तगड़ा झटका लगा कि पूछिए मत। अब तक उबर नहीं पा रहे हैं।

## छन से जो टूटा सपना

एनएसयूआई वाले दिनों बैठे-बैठै मक्खी मार रहे हैं। छुटभैये नेताओं ने सरकारी वापसी के गाड़ी भर-भर कर सपने संजोए थे। छन से जब सपना टूटा तो बेचारों के पास वसूली का भी कोई विकल्प नहीं बचा है। ये दर्द अलग ही है, संगठन की तरफ से तो दर्द मिल रहा है वो भी अलग ही है। क्या है कि एनएसयूआई पदाधिकारियों को ठीक-ठाक जिम्मेदारी चुनाव के दौरान दी गई थी। जब दिग्गज ही नहीं टिक सके तो इनकी क्या बिसात। चारों ओर बैठकें हो रही हैं तो उन्होंने सोचा कि वे भी कुछ महत्वपूर्ण सभा वगैरह कर ही लें। जोर-शोर के साथ बैठक बुला ली सप्ताहंत में। लेकिन कोई टॉपिक ही नहीं था, तो कैंसिल कर दिया। बहुत ढूंढा... पूरे दिल से ढूंढा... लेकिन टॉपिक नहीं मिला साहब।

## पीडब्ल्यूडी वाले साहब

पीडब्ल्यूडी में इन दिनों टेंशन वाला माहौल है। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि नया मंत्री कौन होगा। पुराने वाले साहब ने अपने हिसाब से टेंडर और दूसरे सेटिंग कर ली थी। इन ठेकेदारों को साइड लगाना है अथवा जारी रखना है, इसमें ही अपना दिमाग खपाए हुए हैं। कुछ टेंडर निकाले जाने हैं। बीजेपी के संपर्क सूत्र वाले फिर से एक्शन मोड में हैं। सुनने में आया है कि पुराने वाले कुछ ठेके खत्म हो सकते हैं। संविदा पर चल रहे कुछ इंजीनियर अपनी सिफारिश तैयार किए बैठे हैं कि कब मंत्री की घोषणा हो और कब वे अपनी समय-सीमा बढ़ाने की अर्जी लेकर पहुंचे।

## शहीदों के साथी...

कांग्रेस की हार के साथ ही पुरानी सरकार भी शहीद हो गई। पांच साल की सरकार के दौरान कई नेताओं और उनके आसपास वालों के पद-पदवी पाकर अपना जलवा बिखेरा था, वे अब सियासी अंधेरे में गुमशुदा हैं, लेकिन उन्हें अपनी बदहाली का अफसोस कम हो रहा होगा। इनमें कई लोग ऐसे भी हैं, जो सरकार के कार्यकाल के आखिरी दिनों में किसी निगम-मंडल या कमाने-खाने वाली सीट पर जगह बना पाए थे, उनकी पीड़ा अलग है। कुर्सी मिलने के महीने, दो महीने के बाद ही सरकार चली गई। उनकी हालत ऐसी हो गई, जैसे कोई अपने कपड़ों पर खून लगाकर खुद ही शहीदों में शामिल हुए हों।

## पहले दक्षिण बिकता था... अब उत्तर भी

रायपुर की राजनीति में दो विधानसभा क्षेत्र काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं, लेकिन दोनों के सियासी दांव-पेंच अलग-अलग होते थे। दक्षिण के बारे में माना जाता है कि वहां रहने वाले बहुत से गरीब चुनाव में थोड़ा-सा पैसा, शराब, साड़ी कपड़े वगैरह लेकर अपना वोट बेच दिया करते थे। इस चुनाव में उत्तर सीट पर भी यह बदलाव देखा गया है। यहां के गरीब लोग भी अब बिकाऊ हो गए हैं। बताते हैं कि उत्तर के हजारों वोटरों ने नकद रुपए लेकर वोट बेचा है। चुनाव में प्रत्याशियों को मिले वोट तसदीक कर रहे हैं कि पहले दक्षिण बिकता था, अब उत्तर भी बिकने लगा है।

## हमनाम के फेर में चर्चा गर्म

एआईसीसी ने विधानसभा चुनाव के बाद अपने संगठन में भारी फेरबदल किया है। फेरबदल में एक राज्य के प्रभारी के रूप में देवेंद्र यादव का नाम आया। नाम आने के बाद लोग प्रदेश के इसी नाम के एक पूर्व विधायक को समझ बैठे। लोगों को लगा कि प्रदेश में चुनाव में हार के बाद एआईसीसी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। एक तरफ उनके नेता को राष्ट्रीय स्तर की कमेटी में लिया गया। हाईकमान में उनके पॉवर की चर्चा होने लगी। इसी बीच एक नेता ने बताया कि पंजाब में जिसे प्रभारी बनाया गया, वे यहां के देवेंद्र नहीं, दूसरे राज्य के हैं। उनके नेता की भी ऊपर नहीं चल रही है।

## ...नहीं तो छोड़ देंगे पार्टी

प्रदेश में जिन विधायकों के टिकट कटे, उनसे वन-टू-वन करने दिल्ली से केसी वेणुगोपाल के आने की चर्चा थी, लेकिन वे नहीं आए। यहां पीसीसी अध्यक्ष को ही उनसे वन-टू-वन करने कहा गया। अब क्या था, पूर्व विधायकों के गुस्से से उन्हें दो-चार होना पड़ा। एक विधायक ने यहां तक कह दिया कि आपको भी हारना पड़ा, किसे इसका जिम्मेदार मानते हैं? अध्यक्ष की बोलती बंद हो गई। उन्होंने अपनी हार के बारे में कुछ भी बयां नहीं किया। एक ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस में जयचंदों की संख्या काफी बढ़ गई है। ऐसे लोगों को पहचान कर सीधे बाहर करें, नहीं तो हम पार्टी छोड़ देंगे। उन्होंने पार्टी से बाहर सच बोलने वालों को दी गई सजा का भी जिक्र किया और कहा, अब आगे लोकसभा चुनाव है, सतर्क हो जाएं।

## नए जुगाड़ की तलाश...

स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की नाक में दम करने वाले एक सामान्य स्तर के अधिकारी नए ठिकाने की तलाश में इन दिनों जमकर हाथ-पैर मार रहे हैं। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद इस अफसर की मंत्री बंगले से अपने मूल विभाग में वापसी हो गई थी। रुतबा कायम रखने और बंगले का शौक पूरा करने के लिए उनके द्वारा नए मंत्री-विधायकों को साधने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग में इसकी जबरदस्त चर्चा है कि मंत्री के विशेष अधिकारी होने की वजह से उन्होंने पांच साल में विपक्ष की राजनीति करने वालों से जमकर पंगा ले लिया था, जो उनकी कोशिशों के आड़े आ रहा है।

## खुशी की लहर...

भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान आंबेडकर अस्पताल में अघोषित तौर से सर्वेसर्वा के रूप में रहने वाले एक चिकित्सक की सक्रियता फिर से सरकार बनने के बाद सोशल मीडिया पर दिखने लगी है। उपअधीक्षक स्तर के इस चिकित्सक को संविदा समाप्त होने के बाद हटा दिया गया था। डॉक्टर साहब पांच साल तक निजी अस्पतालों में चुपचाप अपनी सेवा देते रहे, मगर मतगणना का परिणाम आने के बाद सोशल मीडिया पर अचानक एक्टिव हो गए। उनके द्वारा साथी चिकित्सकों के साथ मीडिया से जुड़े साथियों को भी शुभकामना संदेश प्रेषित करना विभिन्न तरह की अटकलें तेज कर रहा है।

## कार्यकर्ताओं के मन की सुनी

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब भाजपा के कार्यकर्ता बहुत ज्यादा खुश हो गए हैं। पहले यही कार्यकर्ता पुराने हारे हुए विधायकों के साथ दिग्गजों को टिकट देने से नाराज लग रहे थे और इनको लग रहा था कि एक बार फिर भाजपा को विपक्ष में बैठना पड़ेगा, लेकिन मोदी के नाम का जादू चला और घोषणापत्र के वादों से भाजपा की सरकार बन गई। खबरी बता रहा था, भाजपा के कार्यकर्ता यह मानकर चल रहे थे कि एक बार फिर से पुराने मंत्रियों को सरकार में ले लिया जाएगा और कार्यकर्ताओं की फिर से नहीं सुनी जाएगी, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं की मंशा को समझते हुए कई पुराने दिग्गजों को किनारे लगा दिया है। इससे जहां ये दिग्गज सकते में हैं, वहीं कार्यकर्ता खुश हैं कि चलो उनके मन की बात को सुना तो गया।

## लूप लाइन वाले खुश...

सरकार बदलते ही सिस्टम के महत्वपूर्ण पार्ट प्रशासनिक तंत्र में हलचल तेज हो गई है। खासकर पुलिस तथा वन विभाग के बड़े अफसरों की धड़कनें तेज हो गई हैं। पूर्ववर्ती सरकार में महत्वपूर्ण पदों पर आसीन रहे वन तथा मानव की रक्षा करने की जिम्मेदारी उठाने वाले दोनों महत्वपूर्ण विभागों के अफसर अपनी नई जिम्मेदारी को लेकर सशंकित हैं। पांच साल तक लूप लाइन में रहने वाले अफसर फ्रंटलाइन में सेवा दे रहे अफसरों से ज्यादा खुश दिख रहे हैं। लूप लाइन वाले अफसरों को मंत्रिमंडल गठन के बाद अब माननीयों के विभाग बंटवारे का इंतजार है। माननीयों के विभाग बंटवारे के बाद क्या पता, लूप लाइन में रहने वाले अफसरों को खुशी मिलेगी या फिर जो फ्रंटलाइन में हैं, उन्हें कहीं दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, विकास शर्मा, गिरीश केशरवानी, रुचि वर्मा।


# उत्तराखंड में पहली बार होगी शीतकालीन चारधाम यात्रा

## 27 दिसंबर से शंकराचार्य करेंगे शुरुआत

एजेंसी ▶▶| देहरादून

पूरी दुनिया जब क्रिसमस और न्यू ईयर के जश्न में डूब रही होगी, तब देवभूमि उत्तराखंड में पहली बार ऐतिहासिक शीतकालीन यात्रा की शुरुआत होगी। आमतौर पर चारधाम यात्रा की शुरुआत उत्तराखंड में गर्मियों में होती है, लेकिन पहली बार शीतकालीन यात्रा पोस्ट मास में शुरू होने वाली है। यात्रा की शुरुआत जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद करेंगे। शंकराचार्य के प्रतिनिधियों ने रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। सीएम धामी ने चारधाम यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शंकराचार्य की यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उनकी तीर्थ यात्रा से चारों धामों में शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा मिलेगा। यात्रा के आमंत्रण के लिए ज्योतिर्मठ का एक



प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री धामी से मिला और यात्रा चारधाम यात्रा को लेकर क्या है आम धारणा शीतकालीन चारधाम तीर्थयात्रा एक ऐतिहासिक पहल है. इतिहास में पहली बार कोई शंकराचार्य ऐसी यात्रा कर रहे हैं। आम धारणा है कि शीतकाल के 6 महीने तक उत्तराखंड के चार धामों की बागडोर देवताओं को सौंप दी जाती है।

## सात दिन की यात्रा 2 जनवरी को समाप्त होगी

ज्ञात हो कि 7 दिन की शीतकालीन तीर्थ यात्रा की शुरुआत आगामी 27 दिसंबर से होगी जबकि इसका समापन 2 जनवरी को हरिद्वार में होगा। आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा ढाई हजार साल पहले स्थापित परंपराओं का निर्वहन करते हुए ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य शीतकालीन पूजा स्थलों की तीर्थ यात्रा कर रहे हैं। आदिगुरु शंकराचार्य परंपरा के इतिहास में यह पहला अवसर है कि जब ज्योतिष्पीठ के आचार्य द्वारा उत्तराखंड स्थित चार धामों के पूजा स्थलों की तीर्थयात्रा की जा रही है।

### ये है यात्रा का पूरा शेड्यूल

ज्योतिर्मठ के मीडिया प्रभारी डा. बृजेश सती ने बताया कि 27 दिसंबर को सुबह 8 बजे हरिद्वार से शुरू होने वाली चारधाम यात्रा यमुनाजी की शीतकालीन पूजा के लिए खरसाली गांव में यमुना मंदिर पहुंचेगी। 28 दिसंबर को प्रस्थान करते हुए उत्तरकाशी के रास्ते 29 दिसंबर को यात्रा हर्षिल में गंगाजी की पूजा स्थल मुखवा गांव पहुंचेगी। 30 दिसंबर को उत्तरकाशी विश्वनाथ के दर्शन के बाद भगवान केदारनाथ के पूजास्थल ओंकारेश्वर पहुंचेगी। यात्रा 31 दिसंबर को भगवान ओंकारेश्वर की पूजा के बाद बाबा बद्रीनाथ के पूजास्थल जोशीमठ पहुंचेगी। चारधाम का यह पड़ाव पूरा करने के बाद 2 जनवरी को जगतगुरु शंकराचार्य अपने शिष्यों के साथ यात्रा का समापन करने हरिद्वार पहुंचेंगे।

# बैंक घोटाले में दोषी कांग्रेस विधायक सुनील केदार विधानसभा से अयोग्य

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र विधानमंडल ने शनिवार को कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री सुनील केदार को विधानसभा से अयोग्य घोषित कर दिया। नागपुर की एक स्थानीय अदालत ने नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक में वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित मामले में सुनील केदार को दोषी ठहराया है। महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य सुनील छत्रपाल केदार की सीट उनकी सजा की तारीख यानी 22 दिसंबर, 2023 से खाली हो गई है।"

**क्या कहा गया है सचिवालय की अधिसूचना में :** सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया, "महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य सुनील छत्रपाल केदार की दोषसिद्धि के कारण अयोग्य घोषित किया जाता है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 191 (1) (ई) के साथ-साथ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के तहत उन्हें अयोग्य घोषित किया गया है।

### पांच साल की सजा 13 लाख जुर्माना

अभियोजन पक्ष के अनुसार, एनडीसीसीबी को 2002 में सरकारी खजाने में 125 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ क्योंकि एक निवेश फर्म होम ट्रेड सिक्योरिटीज के माध्यम से धन निवेश करते समय नियमों का उल्लंघन किया गया था। उस दौरान सुनील केदार बैंक के अध्यक्ष थे। ज्ञात हो कि शुक्रवार को सहायक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने सुनील केदार को दोषी ठहराते हुए पांच साल के कारावास तथा 12,50,000 रुपये का जुर्माने की सजा सुनाई है।

# राम मंदिर के लिए तमिलनाडु से भेजी गईं 42 घंटियां, एक का वजन है 2 टन



**चेन्नई।** अगले वर्ष 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां की जा रहीं है। मंदिर निर्माण के पहले चरण को तेजी से पूरा किया जा रहा है। इस बीच रविवार को तमिलनाडु से राम मंदिर के लिए 42 घंटियां भेजी गईं। ट्रक पर रखी गई बड़ी घंटियों का वजन 2 से 2 .5 टन है। इसके साथ ही पूजा के लिए इस्तेमाल की जाने वाली बहुत सी छोटी घंटियों को भी भेजा गया।

## जैकेट के शेष

### आज 13 लाख किसानों ....

साहू, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू, आरंग विधायक खुशवंत साहेब, रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक धरसींवा अनुज शर्मा एवं जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा विशेष अतिथि होंगे।

### भारत की आस्ट्रेलिया .....

406 और ऑस्ट्रेलिया ने 219 रन बनाए थे। टीम इंडिया को पहली पारी में 187 रन की बढ़त मिली थी। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया टीम ने दूसरी पारी में 261 रन बनाए। भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला। उसने दो विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

### फिर जीते पहलवान, .....

जाती है कि वह डब्ल्यूएफआई के मामलों को देखने के लिए अंतरिम रूप से उचित व्यवस्था करे ताकि कुश्ती से संबंधित से खिलाड़ियों को किसी भी तरीके से नुकसान नहीं हो और साथ ही सुशासन के सिद्धांत खतरे में नहीं पड़े। डब्ल्यूएफआई के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे जिसमें बृजभूषण के विश्वासपात्र संजय सिंह और उनके पैनल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। चुनाव से पहले डब्ल्यूएफआई का कामकाज आईओए द्वारा गठित तदर्थ संस्था देख रही थी। भूपेंदर सिंह बाजवा भारतीय वुशु महासंघ के अध्यक्ष पद के अलावा इस तदर्थ संस्था के प्रमुख थे। बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक सहित देश के चोटी के पहलवानों ने बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। बृजभूषण के करीबी संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई के चुनाव में अध्यक्ष पद पर चुने जाने के बाद बजरंग ने शुक्रवार को अपना पद्मश्री पुरस्कार सरकार को वापस लौटा दिया था। इससे पहले गुरुवार को साक्षी मलिक ने इसी कारण से कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की थी।

**बृजभूषण के करीबी की जीत पर खफा थे पहलवान :** भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव में बृजभूषण शरण के ही करीबी संजय सिंह जीत गए। संजय सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद दिग्गज पहलवान साक्षी मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कुश्ती छोड़ने का एलान कर दिया था। उनके बाद बजंरग पूनिया ने पद्मश्री लौटा दिया था। उनके अलावा हरियाणा के पैरा एथलीट वीरेंद्र सिंह ने पद्म श्री लौटाने का एलान कर दिया था।

**बृजभूषण ने कहा, मैंने कुश्ती से संन्यास ले लिया :** भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह नेकहा कि उन्होंने इस खेल से संन्यास ले लिया है क्योंकि उनके पास कई अन्य जिम्मेदारियां हैं जिनमें अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव भी शामिल हैं। बृजभूषण ने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने के बाद यह टिप्पणी की।

### 'सलार' का दिखा .....

कायम करते हुए 'सलार' ने दो दिनों में 295.7 करोड़ रुपये की कमाई की। होम्बले फिल्म्स के अनुसार, 'सलार' ने पहले दिन दुनिया भर में 178.7 करोड़ रुपये की कमाई की जो वर्ष 2023 में किसी भी भारतीय फिल्म के लिए सबसे बड़ी शुरुआत है।

## पेज एक के शेष

### पांच सालों में खोले...

मध्य प्रदेश और कर्नाटक में क्रमशः 14 और 10 निजी विश्वविद्यालयों को स्थापित किया गया। मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, निजी विश्वविद्यालय की स्थापना संबंधित राज्य विधानमंडल द्वारा पारित अधिनियम और संबंधित राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना से की जाती है। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय से (संबंधित राज्य के) उस अधिनियम और अधिसूचना की प्रतियां मिलने पर, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम 1956 की धारा 2 (एफ) के अनुसार, यूजीसी विश्वविद्यालयों की सूची में निजी विश्वविद्यालय का नाम शामिल करता है।

# अक्षत कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब विधायक मिश्रा भी हुए शामिल



**रायपुर।** अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, देशभर में उत्साह का माहौल चरम पर नजर आने लगा है। भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए इन दिनों देशभर में अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में रविवार को राजधानी रायपुर में भी कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा तात्यापारा, बढ़ईपारा, रामसागर पारा होते हुए राठौर चौक स्थित श्रीराम मंदिर पहुंची, जहां मौजूद श्रद्धालुओं ने अक्षत कलश यात्रा का शानदार तरीके से स्वागत किया। तात्यापारा हनुमान मंदिर से निकली यात्रा राठौर चौक स्थित श्रीराम मंदिर में संपन्न हुई, जिसकी अगवाई रायपुर नगर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने की। राठौर चौक स्थित श्रीराम मंदिर पहुंचने तक जनसैलाब उमड़ पड़ा।

# माधवलाल बने प्रदेशाध्यक्ष



**रायपुर।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा छत्तीसगढ़ का प्रदेशाध्यक्ष माधवलाल यादव को बनाया गया है। यह नियुक्ति अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव और पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन, राष्ट्रीय महासचिव श्याम नंदन यादव की अनुशंसा पर की गई। उन्हें बिहार प्रदेश के भागलपुर जिला महासम्मेलन के अवसर पर मनोनीत किया गया। साथ ही शीघ्र प्रदेश कार्यकारिणी गठन करने का निर्देश भी दिया गया। श्री यादव की नियुक्ति 3 वर्ष के लिए की गई है। नियुक्त पर महासभा के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

# पाकिस्तान में छत गिरने से एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण कच्चे मकान की छत गिरने से रविवार को एक महिला और उसके आठ बच्चों की मौत हो गयी। बचाव अधिकारियों के अनुसार, यह घटना खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के ऐबटाबाद जिले के तहारी गांव में हुई। उन्होंने बताया कि घटना में एक महिला और उसकी चार बेटियों समेत आठ बच्चों की मौत हो गयी है। स्थानीय लोगों ने मलबे से नौ शव निकाले। मारे गए लोगों की उम्र का अभी पता नहीं चला है।मृतकों में एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और दो अन्य महिलाएं, पांच बच्चे तथा सात माह का बच्चा शामिल था। परिवार का केवल एक व्यक्ति बचा था और उसने इमारत से छलांग लगाकर अपनी जान बचायी थी। घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद बचाव अधिकारी तीन एम्बुलेंस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय निवासियों की मदद से आग पर काबू पाया।

# शब्द पहेली - 5374



**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

## शब्द पहेली -5373 का हल




# सूडोकू नवताल - 5384

मध्यम



MANGAL SENACHA, BANGALORE

## सूडोकू नवताल - 5383 का हल



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।


MARUTI SUZUKI ARENA
खरीदें
कीमत बढ़ने से पहले.
सीमित समय बेहतरीन ऑफ़र्स के लिए
ARENA YEAR END BONANZA
MARUTI SUZUKI ARENA
बड़ी बचत
ALTO K10 ₹64 000*
WAGONR ₹64 000*
S-PRESSO ₹64 000*
CELERIO ₹59 000*
SWIFT ₹59 000*
6 DAYS TO GO
OFFER VALID TILL STOCK LASTS.
100%*^ ON-ROAD FUNDING AVAILABLE
SCAN TO CHAT WITH US
ALTO K10 S-PRESSO SWIFT WAGONR CELERIO
E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.
Black glass on the vehicle is due to lighting effect.
SKY AUTOMOBILES
RAIPUR: MAHOBA BAZAR: CALL: 9893307422,9584433191. AVANTI VIHAR: CALL: 9109900120, 9584433131. DHAMTARI: CALL: 9893307417. BALODA BAZAR: CALL: 9584433123, 9111107004. SARAIPALI: CALL: 9584433874. KANKER: 8889998604. KASDOL: 9584433135. SARSIWA: 9584433874. TILDA: 9584465301. KHARORA: 9584465301. ABHANPUR: 9584466869. JAGDALPUR: 9584433110, 9584465281. KONDAGAON: 7909903505.
SPARSH AUTOMOBILES
RAIPUR: PACHPEDI NAKA: CALL: 9926127774, 8435059922. MAHASAMUND: CALL: 8435019922. RAJIM: CALL: 9926104449. BHATAPARA: CALL: 9285505780. GARIYABAND: 9753225616. PITHORA: 9926602080. CHARODA: CALL: 6262043029. DURG: CALL: 6262043029. RAJNANDGAON: CALL: 9977039992. DONGARGARH: CALL: 9827643832. BHILAI: CALL: 9826440009, 9689214825. KHAIRAGARH- 8839811678.
VISHWABHARTI AUTOMOBILES
RAIPUR: MOWA: 6262620000, 6262620012, 6262620047. BASNA: 6262620031. ARANG: 6262620007/14.
HDN MOTORS
RAIPUR: TATIBANDH: CALL: 7909800007, 7909800005. BAGBAHRA : 7909800034. KURUD: 7909800050. SIMGA: 7909800070.
CHOUHAN AUTOMOBILES
BHILAI: 7222910011, 22, 33. KAWARDHA :7222910044. BEMETERA: 7222910025. BALOD: 7222910012. DALLIRAJHARA: 7222910029
*Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer, 2 ka 4 wheeler offer and Gold voucher (wherever applicable) on selected models/variants. Above mentioned savings amount is the value of maximum savings on selected models. *^Terms and conditions apply. Finance scheme details mentioned in the advertisement are at the sole discretion of the financier and terms and conditions as specified by the financier shall apply. Credit at the sole discretion of the Bank. 100% on-road funding is provided by select financiers only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black Glass Shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper. Offers vary across variants. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice. The price given in the ad is based on Raipur prices and are subject to vary based on the dealer city. Above offers are valid till 31ST December 2023.

**खबर संक्षेप**

## दिवाला से जुड़े मामलों पर नजर रखें बैंक



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से उनके फंसे कर्ज के प्रबंधन के संदर्भ में दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता के 20 शीर्ष मामलों पर नजर रखने और उसकी समीक्षा करने को कहा। बैठक में फंसे कर्जों के निपटान के मकसद से दिवाला से जुड़े शीर्ष 20 मामलों की मासिक आधार पर समीक्षा करने को कहा।

## शेयर बाजार सीमित दायरे में रहने की संभावना



**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि घरेलू स्तर पर कोई भी प्रमुख उत्प्रेरक न होने से छुट्टियों वाले इस सप्ताह में शेयर बाजार के सीमित दायरे में ही रहने की संभावना है।विश्लेषकों के मुताबिक, बृहस्पतिवार को मासिक डेरिवेटिव सौदों की समाप्ति के बीच इस सप्ताह शेयर बाजार सूचकांकों को उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता है। सोमवार को क्रिसमस के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, 'इस सप्ताह क्रिसमस की छुट्टियां होने से वैश्विक स्तर पर संकेतों की कमी रहेगी। इससे घरेलू बाजार की गतिशीलता ही उद्योग क्षेत्रों और खास शेयरों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करेगी।'

### इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में जोर-शोर से लगा उद्योग

# रिकॉर्ड बिक्री के बाद वाहन उद्योग नए साल में तेजी बनाए रखने की तैयारी में जुटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2023 में रिकॉर्डतोड़ बिक्री दर्ज करने वाला घरेलू वाहन उद्योग आने वाले साल में बिक्री वृद्धि नरम पड़ने की संभावना के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में जोर-शोर से लगा हुआ है। अगले कुछ दिनों में खत्म होने वाले वर्ष 2023 में यात्री वाहनों की बिक्री के 40 लाख इकाई का आंकड़ा पार कर जाने की उम्मीद है।

नए साल की शुरुआत में ही वाहन विनिर्माताओं ने अपनी गाड़ियों के दाम बढ़ाने की घोषणा कर रखी है। इसका असर वाहनों की बिक्री वृद्धि पर पड़ सकता है। देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर सी भार्गव ने कहा कि गुजरते साल की तुलना में अगले साल बिक्री नरम पड़ने की संभावना है।



- यात्री वाहनों की बिक्री का आंकड़ा 40 लाख के पार होने की उम्मीद
- विनिर्माताओं ने नए वर्ष में गाड़ियों के दाम बढ़ाने की घोषणा कर रखी
- नए साल में वाहनों की बिक्री वृद्धि कमजोर पड़ने की संभावना

### छोटे कारों में विशेष ध्यान देने की जरूरत

ऐसे में वाहन बिक्री की रफ्तार बनाए रखने के लिए छोटी कारों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।छोटी कारों की कुल वाहन बिक्री में हिस्सेदारी इस साल अप्रैल-अक्टूबर के दौरान करीब चार प्रतिशत रही जबकि वित्त वर्ष 2018-19 में यह अनुपात करीब 14 प्रतिशत था।

### वाहन उद्योग में चौतरफा वृद्धि होगी

भार्गव ने कहा, 'जहां तक मारुति सुजुकी का सवाल है तो हमें उद्योग जगत से अधिक वृद्धि करने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में भी सकारात्मक तेजी रहेगी।'वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि अगले साल वाहन उद्योग के लिए बिक्री परिदृश्य सकारात्मक ही बने रहने की उम्मीद है।

### वाहन कलपुर्जा क्षेत्र में बदलाव आएगा

वाहन कलपुर्जा उत्पादकों के संगठन एक्मा के महानिदेशक विनी मेहता ने कहा कि भारत-एनकैप आने से सुरक्षा पर जोर बढ़ेगा और ईवी की तरफ ध्यान रहने से वाहन कलपुर्जा क्षेत्र को भी अपने उत्पादन में बदलाव करने होंगे।

*एसयूवी की बाजार हिस्सेदारी 49 फीसदी होगी : हुंडई मोटर इंडिया के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा, 'इस साल एसयूवी की बाजार हिस्सेदारी करीब 49 प्रतिशत रहने का अनुमान है और हुंडई के मामले में यह अनुपात 60 प्रतिशत है। वर्ष 2024 में उद्योग की एसयूवी हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक और कंपनी के लिए 60 प्रतिशत से आगे जाने की उम्मीद है।'*

### ईवी खंड में रह सकती है मजबूती

मेनन ने अगले साल ईवी खंड के मजबूती हासिल करने की उम्मीद जताते हुए कहा कि कुल वाहन बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी बढ़नी जारी रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने हाइब्रिड एवं इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रोत्साहन के लिए लाई गई फेम योजना के अगले चरण के भी 2024 में लाने की उम्मीद जताई।

### टाटा ईवी में नए उत्पाद पेश करेगी

टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा कि कंपनी परंपरागत इंजनों पर आधारित वाहनों के अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों में भी नए उत्पादों को पेश करेगी। इसमें साणंद कारखाने की पूरी क्षमता का इस्तेमाल किया जाएगा।

### महिंद्रा भी ईवी वाहनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा

महिंद्रा एंड महिंद्रा भी इलेक्ट्रिक वाहन खंड पर अपना ध्यान बनाए रखने की तैयारी में है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (वाहन एवं कृषि खंड) राजेश जेजुरीकर ने कहा कि कंपनी अपने बॉर्न इलेक्ट्रिक पोर्टफोलियो को भारतीय बाजार में पुरजोर ढंग से लाने की योजना में लगी है।

# म्यूचुअल फंड उद्योग पटरी पर लौटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

म्यूचुअल फंड उद्योग ने पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरते हुए इस साल जोरदार वापसी की है और इसके परिसंपत्ति आधार में नौ लाख करोड़ रुपये की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह वृद्धि एक उत्साही शेयर बाजार, स्थिर ब्याज दरों और मजबूत आर्थिक विस्तार से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक गति अगले वर्ष भी जारी रहनी चाहिए। म्यूचुअल फंड निकाय एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, पर्याप्त वृद्धि के साथ इस वर्ष कुल निवेश 3.15 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, साथ ही निवेशकों की संख्या में दो करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई है। इसे व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) की बढ़ती लोकप्रियता से समर्थन मिला, जिसमें 1.66 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ। एसोसिएशन ऑफ म्युचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से पता चलता है कि इस प्रवाह ने 2023 में म्यूचुअल फंड उद्योग की प्रबंधन-अधीन संपत्ति (एयूएम) को 23 प्रतिशत यानी नौ लाख करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया है।



- संपत्ति आधार नौ लाख करोड़ रुपए बढ़ा
- पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन से उबरा

### 2024 में भी सकारात्मक रुझान रहेगा

उद्योग के एयूएम में लगातार 11वीं वार्षिक वृद्धि हुई है। इस साल वृद्धि को इक्विटी योजनाओं में प्रवाह, खासकर एसआईपी के माध्यम से समर्थन मिला है। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी ए बालसुब्रमण्यन ने कहा कि सकारात्मक रुझान 2024 में भी जारी रहेगा।

## गूगल के 30 हजार कर्मचारियों की नौकरी पर संकट, हो चुकी 12 हजार की छंटनी

नई दिल्ली। दुनिया भर में इन दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का बड़ा क्रेज है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़े एक नए इनोवेशन की वजह से दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनी गूगल में बड़ी छंटनी होने का अनुमान है। हाल में ही एक रिपोर्ट में बताया गया है कि नए एआई इनोवेशन की वजह से गूगल 30000 से अधिक स्टाफ की छंटनी कर सकती है। गूगल के ऐड सेल्स यूनिट से इन स्टाफ की छंटनी की जा सकती है।

## आईपीओ से जुटाए गए 52,000 करोड़ रुपए



**नई दिल्ली।** ब्याज दरों में बढ़ोतरी और भू-राजनीतिक जोखिमों के कारण वर्ष 2023 में प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गमों (आईपीओ) के जरिये जुटाई जाने वाली राशि सालाना आधार पर मामूली रूप से घटकर 52,000 करोड़ रुपये रही। हालांकि, इस दौरान निर्गमों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्ष 2024 में भी आईपीओ बाजार की मजबूती बने रहने का अनुमान है।वर्ष 2022 में एलआईसी के 20,557 करोड़ रुपये के मेगा आईपीओ को छोड़ दें तो इस साल सार्वजनिक निर्गमों के जरिए जुटाई गई राशि 36 प्रतिशत अधिक है। बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच इस साल छोटी और मझोली कंपनियों का प्रदर्शन बेहतर रहा।

## शहरों में कार्यस्थल की मांग बढ़ी

**नई दिल्ली।** कंपनियों और सह-कार्यस्थल परिचालकों की तरफ से मांग बढ़ने से छह प्रमुख शहरों में अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में कार्यस्थलों की मांग 92 प्रतिशत तक बढ़ गई। संपत्ति सलाहकार कंपनी कोलियर्स इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। 2023 की चौथी तिमाही में कार्यस्थल का सकल पट्टा 2.02 करोड़ वर्ग फुट रहा, जो पिछले साल समान अवधि में 1.05 करोड़ वर्ग फुट था। दिसंबर तिमाही में भारी मांग आने से 2023 की समूची अवधि में कुल कार्यस्थल पट्टा 16 प्रतिशत बढ़कर 5.82 करोड़ वर्ग फुट हो गया।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment**
**आवश्यकता**

आवश्यकता है- ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। संपर्क करें:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525. (RO-6301)

**घरेलू कार्य**

आवश्यकता है- तेलीबांधा ऑफिस रायपुर में काम करने ( साफ सफाई, झाडू पोछा आदि ) के लिए लड़की या महिला की आवश्यकता है। मों.-91 6260-077826, 8349676913. (RO-378)

**कुक**

आवश्यकता है- न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर में महिला कुक की आवश्यकता है। काम का समय सुबह 10 से 1 और शाम को 4 से 7 तक। वेतन योग्यता अनुसार। रहने के लिए जगह दी जा सकती है। संपर्क करें - 8120289207, 7893045298 (RO-1055)

आवश्यकता है- इंडियन कुक-2, तंदूरी कुक-2, किचन हेल्पर-4, केप्टन-2, वेटर-4, वाटरब्वाय-4, सफाईकर्मी-4, वेतन योग्यतानुसार संपर्क करे :- नियर तरपोंगी टोल्प्लाजा गोल्डन ढाबा ,मो.- 98271-66974, 79879-35213. (RO-370)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 5 वी,8, 10 वी पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 mobile 8109070600,7869230888, 8085859632, 8839506548. (RO-1051)

**चिकित्सा कर्मी**

आवश्यकता है- प्रशिक्षित व अनुभवी स्टॉफ जी.एन. एम. व बी. एस. सी. नर्सिंग तथा रिसेप्शनिष्ट और ओ. पी. डी. स्टॉफ व वार्ड ब्वॉय, वार्ड गर्ल की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें- श्री कृष्ण हॉस्पिटल मेन रोड न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर (छ.ग.) मो. नं. 9691631006, 9617952445 (RO-1054)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**पैकिंग/लेबर कार्य**

आवश्यकता है- चुस्की चाय में पैकिंग कार्य हेतु लेडिस/ लड़कियों की और लेबर कार्य हेतु पुरुष की जरूरत है। संपर्क करें एसबीआई एटीएम के सामने आकृति विहार अमलीडीह रायपुर। मो. 7469980000, 07714075490.(RO-1049)

**टेक्निशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 6, सर्विस टेक्निशियन 2, Telecaller 2 (अनुभव आवश्यक नहीं) संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461. (RO-2359)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**सेल्स/स्टोर कीपर**

आवश्यकता है- स्टेशनरी दुकान में कार्य करने हेतु सेल्स, स्टोर कीपर, एवं कंप्यूटर हेतु लड़कियों की आवश्यकता है कार्य का समय प्रातः 10:30 से रात्रि 9:00 बजे तक पता- लक्ष्मी सेल्स लिंक- 1 के के रोड विनार बाग के बाजू जयस्तंभ चौक रायपुर (RO-1051)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (RO-3670)

**इंजीनियर/सुपरवाइजर**

आवश्यकता है- बिल्डिंग निर्माण कार्य पाटन व सोमनी राजनांदगांव में सड़क निर्माण कार्य हेतु बी.ई./डिप्लोमा सिविल इंजीनियर व सुपरवाइजर (युवक) की आवश्यकता है, 5 साल अनुभवी को प्राथमिकता। के.पी. मिश्रा कन्स्ट्रक्शन पता:-महाराजा चौक, डी- 15, आदर्शनगर, दुर्ग 7869877505, 7000343771. (RO-878)

**ऑपरेटर/शिक्षक**

आवश्यकता है- धरसीवां क्षेत्र में डाटा एंट्री ऑपरेटर शिक्षक चाहिए। आकर्षक वेतन निशुल्क आवास सुविधा WhatsAPP एवं पत्र द्वारा तत्काल बायोडाटा भेजें। संपर्क 9691691012, 7000907132. समर्पित छत्तीसगढ़ समाज सेवी संस्था गोढ़ी, धरसीवां पिन- 493111 (RO-1053)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- मेडिकल सोरिंडफ में अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर -1, की आवश्यकता है। पूर्ण बायोडाटा सहित मिलें नरेंद्र फार्मा कृष्णा नगर, डंगनिया, रायपुर 9425542077, 9669426111.(RO-443)

आवश्यकता है- गोकुल सुपर बाजार पंडरी श्याम मार्केट अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर टाटा एस का ड्राइवर, हेमाल, हेल्पर ऑफिस वर्क हेतु लड़के लड़कियों आवश्यकता है। सम्पर्क करे- 07714058984, 7489770673. (RO-2215)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- दुकान में कार्य हेतु लड़को / महिलाओं की आवश्यकता है , जो कमल विहार के आसपास रहते हों वे संपर्क करें - ऑक्सीटेक इंटरनेशनल कमल विहार मेन गेट के पास, डुमरतराई मोबाइल 9826159991, 9993337979.(RO-2357)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान हेतु साड़ी बेचने के लिए सेल्समैन- सेल्सगर्ल एवं दुकान हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोलबाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178. (RO-2386)

**टिफिन डिलीवरी**

आवश्यकता है- टिफिन सेन्टर में टिफिन डिलीवरी के लिए लड़के की एवं खाना बनाने के लिए महिला की आवश्यकता है एकटीवा चलाना आना चाहिए टेस्ट आफ पंजाब अमलीडीह रायपुर मो. 7470308181, 9826162764 (RO-1876)

**अकाउन्टेंट**

आवश्यकता है- हमारे प्रतिष्ठित कलेक्शन एजेंसी को Tally एवं Excel में 2वर्ष के अनुभवी Senior Accountant-1, Junior Accountant-1 पद, की आवश्यकता हैं एवं 10वी पास ऑफिस बॉय-1पद, स्वयं का मोबाइल, टू व्हीलर वाहन होना आवश्यक। ई-जेनेसिस, दक्षिण गंगोत्री, नियर अग्रवाल होमियोपैथी, जर्मन रेमेडीज सुपेला, भिलाई 8109008885, 9589049626. (SP/850)

**सुपरवाइजर/ड्रायवर**

आवश्यकता है- साइट सुपरवाइजर . ड्राइवर . हाउसकीपिंग कार्य करेने हेतु कर्मचारी की जरूरत है सारोना रायपुर 9755832989 (RO-42086)

**पोल्ट्री फॉर्म कार्य**

आवश्यकता है- रायपुर आरंग के पास स्थित सुव्यवस्थित पोल्ट्री फॉर्म में रहकर काम करने वाले मजदूर परिवार वालो एवं उड़ीसा के मजदूरों को प्राथमिकता संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9200193001, 7999648072. (RO-2364)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- पैकिंग कार्य हेतु लडको एवं शादीशुदा महिला की आवश्यकता है सैलेरी योग्यतानुसार शीतला एजेंसी न्यू बस स्टैंड भंटागांव चौक रायपुर 9300629026, 9300229026 (RO-1682)

**सुरक्षा कर्मी**

आवश्यकता है- एक रजिस्टर्ड संस्था को भारी मात्रा में सुरक्षा कर्मियों की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार ऑफिस जुनवानी रोड ईदगाह चौक सुपेला भिलाई दुर्ग mo no 9039003559, 8359047172 (RO-Bhilai)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस में कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए उम्र 18-28 वर्ष, 10वी, 12वीं पास जो ग्वालियर में काम कर सके वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 6263423838, 8817637131. (RO-32236)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- आगरा, मथुरा उत्तर प्रदेश के आफिस में कार्य हेतु अविवाहित लड़के चाहिए उम्र 18 से 28, 10वीं, 12वीं पास। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र सम्पर्क करें- 8057110319. (RO-32270)

**अन्य**

आवश्यकता है- Airtel 4G कंपनी में घरबैठे पार्ट/फुलटाइम(SMS जॉब )करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS करें- 9199166461. (RO-6661)

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घरबैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां, कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता Whatsapp करें 6296026501. (RO-6680)

आवश्यकता है- नववर्ष नौकरी सुनहरा अवसर आयुर्वेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़के- लड़कियां हाउस वाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं अपना रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग ही कॉल/ WHATSAPP करें) NOC -2150/- मों. 8583047417.(RO-1807)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त ) NAME, पता QUALIFICATION, CALL / SMS / WHATSAPP करें :- 8695963713. (RO-1306)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/ लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, रिटायर्ड पर्सन कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें 9631550466.(RO-8670)

**Education**
**शिक्षण**

फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार- ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं,12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC,MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515.(RO क्र.-6348)

**Business**
**व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000- 50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.(RO-2284)

**Property**
**प्रापर्टी**

प्लॉट उपलब्ध है- प्राइम लोकेशन आईआईटी भिलाई के पास आवासीय डायवर्टेड प्लाट मात्र 499/- रूपये में उपलब्ध है। संपर्क करें:-मो :- 78287-81009. (RO-371)

**Astrology**
**ज्योतिष**

राजगुरू ज्योतिष - जन्मपत्रिका, हस्तरेखा, मंगलदोष, लक्ष्मीयोग, जमीनलाभ, शादीयोग, मनचाहा प्यार, नौकरी प्रमोशन, नशामुक्ति, पति-पत्नी झगड़ा किया कराया प्यार में धोखा, वशीकरण तलाक मार्ग दर्शन के लिए फोन करके मिले A TO Z समस्याओं का समाधान पता:- ब्राह्मण पारा आजाद चौक रायपुर मोबाइल नंबर:- 8889131176. (RO-1048)


**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

Healthcare


ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पति आज ही मिले।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सॉमरल होटल के सामने
9174440077
9009330088

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क डॉ. अहमद
जे.जे. हॉस्पिटल
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉऊस बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

गुप्त रोग चिकित्सा



मशीनों द्वारा जांच
मात्र 1 दिन में ईलाज
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- वीर्य में शुक्राणुओं की कमी
- सेक्स से भय - बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- लिंग में छोटापन, पतलापन, टेढ़ापन
- पेशाब में धातु जाना - स्वप्न दोष

विशेष ईलाज :- दाद रोग, बवासीर, पथरी, सफेद दाग, पेट में गैस, कब्ज रोग, खून की कमी, कमजोरी, ल्यूकोरिया, बाल झड़ना
आरोग्य केयर चिकित्सालय
सोसायटी वस्त्र भंडार के सामने, जलेबी चौक, पावर हाउस, भिलाई
मो.: 98936 59105
समय : सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक




## क्रिकेट : भारत की कुल 40 टेस्ट मैचों में सातवीं जीत

# भारतीय महिला टीम ने रचा इतिहास, 28 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया, 8 विकेट से जीता टेस्ट मैच

एजेंसी ⏭ मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम के 28 साल में टेस्ट क्रिकेट के पहले 'घरेलू सत्र' का शानदार अंत हुआ। मेजबान टीम ने रविवार को यहां एकमात्र टेस्ट में आठ विकेट की जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को पहली बार टेस्ट मैच में शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 टेस्ट में यह भारत की पहली जीत है।

भारतीय महिला टीम ने अब तक 40 टेस्ट में सात जीत दर्ज की है जबकि छह मैच गंवाए है। टीम के 27 मैच ड्रॉ रहे हैं। भारतीय महिला टीम 1995 के बाद पहली बार किसी सत्र में घरेलू सरजमीं पर एक से अधिक टेस्ट खेल रही थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पूरे मैच के दौरान टीम दबदबा बनाने में सफल रही।

### 75 रन का मिला लक्ष्य

मैच के अंतिम दिन भारत ने बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय गेंदबाजों ने सुबह 28 रन देकर ऑस्ट्रेलिया के पांच विकेट चटकाए जिससे मेहमान टीम दूसरी पारी में 261 रन पर सिमट गई। भारत को 75 रन का लक्ष्य मिला जो उसने 19वें ओवर में दो विकेट पर 75 रन बनाकर हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना 38 रन बनाकर नाबाद रहीं। जेमिमा रोड्रिग्स भी 12 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत ने इससे पहले डीवाई पाटिल स्टेडियम में इंग्लैंड की महिला टीम को भी एकमात्र टेस्ट में 347 रन के बड़े अंतर से हराया था। यह टेस्ट क्रिकेट में रनों के लिहाज से इंग्लैंड के खिलाफ किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत थी।

### स्नेह ने किया आलराउंड प्रदर्शन

*भारत की अनुभवी खिलाड़ी स्नेह राणा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्नेह ने पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। उन्होंने बल्लेबाजी में पहली पारी में नौ रन बनाए। इस दौरान 57 गेंदों का सामना किया और स्मृति मंधाना का बखूबी साथ दिया। उन्होंने स्मृति के साथ पहली पारी में दूसरे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की थी।*




### राणा के चार शिकार

*चौथे दिन की सुबह भारतीय स्पिनरों का दबदबा रहा। स्नेह राणा (63 रन पर चार विकेट) और राजेश्वरी गायकवाड़ (42 रन पर दो विकेट) ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को समेटने में अधिक समय नहीं लगाया। पूजा वस्त्राकर (एक विकेट) ने ऐशलेग गार्डनर (07) को पगबाधा करके भारत को दिन की पहली सफलता दिलाई। स्नेह ने इसके बाद अनाबेल सदरलैंड (27) और एलेना किंग (00) को पवेलियन भेजा। राजेश्वरी ने किम गार्थ (04) को आउट करके पारी की पहली सफलता हासिल की और फिर जेस योनासेन (09) को बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का अंत किया।*

# कोहली और रोहित ने अभ्यास सत्र में बहाया पसीना, कल से अफ्रीका टेस्ट

एजेंसी ⏭ सेंचुरियन

विश्व कप के निराशाजनक फाइनल को एक महीना बीत चुका है। इसकी टीस अब तक कायम है। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने रविवार को यहां टेस्ट श्रृंखला के अभ्यास के दौरान बिना बातचीत किए जमकर पसीना बहाया। क्योंकि वे जानते हैं कि आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है। भारतीय क्रिकेट टीम 31 साल से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सकी है और अपने कॅरियर के अंतिम पड़ाव में कोहली और रोहित वो ही हासिल करना चाहेंगे जो कोई अन्य भारतीय टीम नहीं कर सकी है।


कोहली परिवार के साथ छोटे ब्रेक के बाद लंदन से यहां पहुंचे हैं और रोहित विश्व कप के बाद तीन हफ्ते तक खुद को मीडिया से दूर रखने के बाद अभ्यास के दौरान थोड़े सहज दिखे। दोनों ने अलग-अलग नेट और मध्य पिच पर अभ्यास किया। एक घंटे से ज्यादा समय तक थ्रोडाउन का सामना भी किया। दोनों खिलाड़ियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई जबकि दोनों ने बीच-बीच में छोटे ब्रेक भी लिए।



### खिलाड़ियों पर द्रविड़ की नजरें

कोच राहुल द्रविड़ की नजरें मध्य नेट पर गड़ी थीं जहां केएल राहुल पैड लगाए मौजूद थे। कोना भरत ने पहले घंटे में विकेटकीपिंग ग्लव्ज नहीं पहने जिससे कोई शक नहीं रह गया कि विकेटकीपिंग कौन करेगा। स्लिप में खिलाड़ियों के साथ जब राहुल ने विकेटकीपिंग तो यह साफ हो गया और उनके साथ युवा यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल मौजूद थे। सुपरस्पोर्ट पार्क में सभी खिलाड़ियों ने तीन घंटे तक कड़ा अभ्यास किया।








# 130 अरब डॉलर की संपत्ति, हसनल बोल्किया दुनिया के सबसे अमीर सुल्तान



नई दिल्ली। वर्तमान में ब्रुनेई और इसके सुल्तान हसनल बोल्किया, जिन्हें दुनिया का सबसे अमीर राजा माना जाता है। अपनी रईसी और शान ओ शौकत के लिए ब्रुनेई के सुल्तान हसनल बोल्किया पूरी दुनिया में मशहूर हैं। ब्रुनेई के सुल्तान के बारे में जानने से पहले बता दें कि यह देश बोर्नियो द्वीप पर स्थित है और इसकी राजधानी बंदर सेरी बेगवान है। वैसे तो यह एक छोटा-सा देश है लेकिन बेहद अमीर है, क्योंकि यहां प्रचुर मात्रा में तेल और गैस के भंडार हैं और यही सुल्तान की आय का सबसे बड़ा स्रोत है।

### सबसे बड़ा महल, दर्ज है गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में

ब्रुनेई की राजधानी में ही सुल्तान हसनल बोल्किया का निवास स्थान 'इस्ताना नुरुल इमान महल' स्थित है। इस शाही पैलेस को 1984 में देश की आजादी (ब्रिटिश शासन से) की याद में बनाया गया था। खास बात है कि यह दुनिया के सबसे बड़े महल के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल है, जो 2 मिलियन वर्ग फीट में फैला है। इस महल के गुंबद को 22 कैरेट सोने से सजाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक हसनल बोलकिया के इस्ताना नुरुल इमान पैलेस की कीमत 2550 करोड़ रुपए से ज्यादा आंकी गई है। इस महल में पांच स्विमिंग पूल, 257 स्नानघर और 1700 से अधिक कमरे हैं। इसके अलावा 110 गैरेज हैं।

**2 मिलियन वर्ग फीट में फैला शाही महल, गुंबद को सजाया सोने से**

**7000 कारों के काफिले में 300 फेरारी और 500 रोल्स रॉयस**





### सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले सम्राट

खबर के अनुसार, 30 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ हसनल बोल्किया को दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक हैं। सुल्तान ने 2017 में अपनी 50 वीं वर्षगांठ मनाई और इस तरह महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के बाद इतिहास में सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले सम्राट बन गए।



### प्लेन पर किए 3 हजार करोड़ खर्च

सुल्तान हसनल बोल्किया की रईसी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपने प्लेन पर 3000 करोड़ रुपए खर्च किए। रिपोर्ट के अनुसार, सुल्तान ने अपने इस्तेमाल के लिए बोइंग 747 में करीब $400 मिलियन का निवेश किया था। गोल्डन कलर के इस प्लेन की साज-सज्जा पर $120 मिलियन खर्च किए गए।

### 5 अरब डॉलर से ज्यादा की संपत्ति

ब्रुनेई के सुल्तान के पास दुनिया में दुर्लभ कारों का सबसे बड़ा कलेक्शन है। इसमें सोने की रोल्स-रॉयस भी शामिल है। ब्रुनेई के 29वें सुल्तान के पास लगभग 7,000 वाहनों का काफिला है, जिसका कुल अनुमानित मूल्य 5 अरब डॉलर से अधिक है। इनमें 300 फेरारी और 500 रोल्स रॉयस शामिल हैं।

# रिहायशी इलाके में ज्वालामुखी विस्फोट, बर्फ के बीच बहा लावा

नई दिल्ली। आइसलैंड के ग्रिंडाविक शहर में ज्वालामुखी फट गया। विस्फोट शहर के रिहायशी इलाके में हुआ है। ग्रिंडाविक शहर आइसलैंड की राजधानी रेक्जाविक से 40 किलोमीटर दूर है। इस ज्वालामुखी के फटने से करीब 3.5 किमी लंबी दरार पड़ गई। अब यह दरार आधा किलोमीटर तक और फैल गई है। इस दरार से करीब 100 फीट ऊंची लावा की लपटें निकल रही हैं।

### शहर हो रहा है प्रदूषित

इन दरारों से गर्म गैसें निकल रही हैं, जिससे वायु प्रदूषण भी बढ़ गया है। हवा की दिशा रिहायशी इलाकों से विपरीत दिशा में चल रही है और अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही रहने की आशंका है। शुरुआती विस्फोट में भारी मात्रा में लावा और पिघले हुए पत्थर निकले। हालात ऐसे हो गए हैं कि आसमान का रंग नारंगी हो गया है, ऐसा लग रहा है मानो आसमान से ही लावा टपक रहा हो। सामान्यतः ज्वालामुखी विस्फोट किसी पर्वत की चोटी पर होता है। लेकिन यह ज्वालामुखी आइसलैंड के ग्रिंडाविक शहर में समतल ज़मीन पर फूटा है, आस-पास छोटी-छोटी पहाड़ियां हैं लेकिन ज़्यादातर इलाका मैदानी है।



100 फीट ऊंची उछली लावा की लपटें, आसमान का रंग हुआ नारंगी

ज्वालामुखी के फटने से पड़ी 3.5 किमी लंबी दरार

### बर्फ की चट्टानों पर फैली आग

तस्वीरों में हैरान कर देने वाला दृश्य यह है कि जमीन पर हर तरफ बर्फ फैली हुई है और दरार वाली जगह से लावा बह रहा है, मानो बर्फ की चट्टानों पर आग फैल गई हो। आपको बता दें कि आइसलैंड धरती के उन देशों में से एक है जो ज्वालामुखी विस्फोट के लिए जाना जाता है। अच्छी खबर ये है कि रिहायशी इलाके में फटे इस ज्वालामुखी के बावजूद किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन कुछ घरों को नुकसान पहुंचा है। इसका मुख्य कारण यह है कि आइसलैंड का प्रशासन समय से पहले सतर्क हो गया और 4000 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इतना ही नहीं यहां के प्रशासन ने लोगों को इस इलाके के आसपास घूमने से भी मना कर दिया था।

### दो हजार साल पुराना मानव त्वचा से बनाया चमड़ा मिला

नई दिल्ली। यूक्रेन में दो हजार साल पहले खानाबदोश योद्धाओं की ओर से मानव त्वचा से बनाया गया चमड़ा मिला है। यहां खोजी गई कलाकृतियां प्राचीन सीथियनों की थीं, जो मध्य एशिया से उत्पन्न हुए थे। वे युद्ध में क्रूरता और नए हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए जाने जाते थे। प्राचीन यूनानियों ने दावा किया था कि सीथियन ने दुश्मन के दाहिने हाथ की त्वचा को हटा दिया था और इसका उपयोग चमड़ा बनाने के लिए किया था।

## फ्रांस में मिला दुर्लभ प्रजाति का चमगादड़

नई दिल्ली। वैज्ञानिकों को फ्रांस के द्वीप पर बहुत ही दुर्लभ जीव मिला है। इसे फ्रांसीसी द्वीप कोर्सिका पर पाया गया है। जीव बहुत ही दुर्लभ है और इसे करीब लुप्त हो गया माना जाता है। चमगादड़ की यह दुर्लभ प्रजाति पहाड़ी भूमध्यसागरीय द्वीप के आसपास लहराती हुई पाई गई थी, जो मार्सिले से लगभग 250 मील दक्षिण-पूर्व में स्थित है। पाए गए नमूनों की डीएनए जांच के बाद रिसर्चर्स ने पाया कि पहाड़ों में खोजा गया चमगादड़ जीनस माइप्टिस की एक पूर्व अज्ञात प्रजाति का था, जिसकी छह महाद्वीपों में 120 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं।



















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रम्हवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com